# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-257 | सोमवार, 20 अक्टूबर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12


विदेशी मेहमानों का उत्साह चरम पर, लगाए जय श्रीराम के नारे 11

अयोध्या में हर कण में मर्यादा और हर दीप में दया : सीएम 11

## बधाई/सूचना



प्रकाश पर्व दीपावली के पावन अवसर पर सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभेच्छुओं को हार्दिक बधाई। इस प्रकाश पर्व के अवसर पर **कैनविज टाइम्स कार्यालय** में 20 और 21 अक्टूबर 2025 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 23 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा।

प्रधान संपादक

# 26 लाख दीये जले

## अयोध्या दीपोत्सव ने फिर रचा इतिहास, एक साथ टूटे दो रिकॉर्ड

एजेंसी



अयोध्या। 2017 से हर साल अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव ने एक बार फिर नया इतिहास बनाया। नौंवे दीपोत्सव पर इस बार दो नए वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किए गए। दीपोत्सव पर अयोध्या के 56 घाटों पर दीपों को सजाया गया। सीएम योगी ने राम मंदिर से जैसे ही दीपोत्सव का आगाज किया, वैसे ही वालंटियर्स ने दीपों को जलाना शुरू किया। करीब 15 मिनट में 26 लाख से ज्यादा दीयों को जलाकर एक नया रिकॉर्ड कायम किया गया। साथ ही सरयू तट पर महाआरती का भी रिकॉर्ड बना। इसका सीएम योगी को प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। अंधेरा होते ही ड्रोन शो और लेजर शो का आयोजन किया गया, जिसने लोगों का ध्यान खींचा।

हर बार की तरह इस बार भी अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव पर देश-दुनिया की नजरें लगी रहीं। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामकथा पार्क में मंच पर राम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक किया। इसके बाद सीएम योगी राम मंदिर पहुंचे। प्रथम तल पर स्थापित रामदरबार में शीश झुकाकर सीएम योगी ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

सीएम योगी ने रामलला का पूजन-अर्चन कर परिसर के मुख्य द्वार के सामने एक दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव का आगाज किया। दीपोत्सव का आगाज होते ही 56 घाटों पर 26 लाख 17 हजार 215 दीपक जलाकर अयोध्यावासियों ने एक नया रिकॉर्ड बनाया। फिर सरयू तट पर 2128 वेदाचार्यों महाआरती का रिकॉर्ड दर्ज किया गया। मौके पर ही दोनों का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज करने की घोषणा की गई। इसके बाद सीएम योगी को प्रमाण पत्र सौंपा गया। इससे पहले अयोध्या में ड्रोन शो का अयोजन किया गया। 1100 ड्रोन ने आसमान में एक अद्भुत नजारा दिखाया। साथ ही आकाश में राम की आकृति भी उकेरी। राम की पैड़ी पर आयोजित लेजर और ड्रोन शो ने हर व्यक्ति का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

मुख्य आयोजन स्थल 'राम की पैड़ी' पर अतिथियों, आगंतुकों व मेजबानों ने 'आध्यात्मिक वर्षा' में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया। यहां रामायण के सभी कांड (बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधा कांड, सुंदरकांड, लंकाकांड और ● शेष पेज 11 पर

विशेष आयोजन पेज 11 पर








































# औद्योगिक विकास और आर्थिक उन्नयन के नित नये आयाम गढ़ रहा उत्तर प्रदेश: नन्दी

**औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी ने ज्योति पर्व की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी**

**मंत्री नन्दी ने कहा कि 2017 के पहले बीमारू राज्य की श्रेणी में शामिल उत्तर प्रदेश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में औद्योगिक विकास और आर्थिक उन्नयन के नित नये आयाम गढ़ रहा है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास और आर्थिक उन्नयन के नित नये आयाम गढ़ रहा है। यह दीपावली भारत के सबसे बड़े और प्रतिभाशाली उत्सवों में से एक है। यह त्योहार आध्यात्मिक रूप से अंधकार पर प्रकाश की विजय को दर्शाता है। यह बात रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी ने ज्योति पर्व की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रभु श्रीराम 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। अयोध्यावासियों ने पूरे नगर को रोशनी से सजाया था। अयोध्या फिर एक बार दीपोत्सव से जगमग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन की सरकार समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति के जीवन के अंधकार को दूर करने के लिए सतत समर्पित है। उनके जीवन से गरीबी और पिछड़ेपन के अंधकार को मिटाकर विकास और खुशहाली का प्रकाश बिखेर रही है। तरक्की-समृद्धि के दीपक से उत्तर प्रदेश जगमगा रहा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि 2017 के पहले बीमारू राज्य की श्रेणी में शामिल उत्तर प्रदेश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में औद्योगिक विकास और आर्थिक उन्नयन के नित नये आयाम गढ़ रहा है। डबल इंजन की सरकार 'सबका साथ-सबका विकास' के मंत्र के साथ विरासत का संरक्षण करते हुए आम नागरिक को विकास से भी जोड़ रही है।

## जांच के लिए गाड़ी रोकने के दौरान हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में सेल टैक्स विभाग के कर्मचारियों द्वारा जांच के लिए गाड़ी रोकने के दौरान हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई।अशराफ टोला जिला हरदोई के रहने वाले मो अजीमउ?द्दीन के अनुसार उनका भाई फहीमुद्दीन अबसार अफरोज अंसारी के साथ शनिवार को पिकअप में वेल्डिंग का सामान लादकर ट्रांसपोर्ट नगर लखनऊ से रामनगर बाराबंकी जा रहा था।वह पिकअप में लदे समान के पास पीछे ही बैठा था।पिकअप अभी सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में खुर्दही के पास किसान पथ पर पहुंची थी।तभी चेकिंग कर रहे सेल टैक्स विभाग के कर्मचारियों द्वारा उनकी गाड़ी को हाथ दिया गया जिसपर चालक फूलचंद ने गाड़ी धीमी की।उसी समय पीछे से आ रहे डम्फर ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी।जिससे फहीमु?द्दीन की मौके पर ही मौत ही गई जबकि अफरोज अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद डम्फर चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नहीं रहे प्रयागराज जल पुलिस के उपनिरीक्षक जनार्दन शाहनी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । महाकुम्भ के दौरान जल पुलिस की रीढ़ माने जाने वाले प्रयागराज जल पुलिस के प्रयागराज जल पुलिस के उपनिरीक्षक जनार्दन शाहनी का लम्बी बीमारी के चलते रविवार को निधन हो गया। इस सूचना पर पुलिस विभाग के अधिकारी उनके आवास पर पहुंचे।उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के दुबहड़ थाना क्षेत्र के बसरिकापुर कछुआ गांव निवासी जनार्दन शाहनी 47 वर्ष पुत्र शिव पूजन शाहनी उप्र प्रदेश के जल पुलिस विभाग में वर्तमान में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। महाकुम्भ स्नान सम्पन्न होने के बाद से उनका स्वास्थ्य खराब हुआ। उसके बाद से परिवार के लोग उनका लगातार उपचार करा रहे थे। वह अपने परिवार के साथ प्रयागराज पुलिस लाइन में रह रहे थे। रविवार की सुबह उनकी अचानक तबीयत खराब हुई तो उन्हें अस्पताल लेकर परिवार के लोग गए। लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में सूचना मिलने के बाद पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी पहुंचे। कर्नलगंज थाने की पुलिस टीम ने शव का पंचनामा कर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराया।

## दीपावली पर गरीब बस्ती में रोशनी लेकर पहुंची लालापुर पुलिस

प्रयागराज । जिले के गोलहिया गांव की गरीब बस्ती में इस बार दीपावली कुछ खास रही, जब लालापुर थाना प्रभारी अनुभव सिंह खुद अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और बच्चों को मिठाई, कॉपी, पेंसिल व मोमबत्तियां वितरित कीं। थाना प्रभारी ने बच्चों और स्थानीय निवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बन गया।जैसे ही बच्चों को मिठाई और मोमबत्तियां मिलीं, उनके चेहरों पर खुशी की चमक देखने लायक थी। बस्ती के लोग पुलिस के इस मानवीय पहलू को देखकर बेहद प्रसन्न हुए और उन्होंने इस कार्य की खुले दिल से सराहना की। पुलिस की यह पहल न सिर्फ सुरक्षा तक सीमित रही, बल्कि समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सेवा भावना भी दिखाई दी।लालापुर पुलिस की यह पहल बताती है कि त्यौहार सिर्फ रोशनी और सजावट तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्ग के साथ खुशियां बांटने का भी अवसर है। थाना प्रभारी अनुभव सिंह द्वारा किया गया यह कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला है, जिससे पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास और सहयोग की भावना मजबूत होती है।

## बंदी छोड़ दिवस: न्याय, त्याग और धर्मनिरपेक्षता की मिसाल

प्रयागराज। बंदी छोड़ दिवस - सिख इतिहास का एक प्रेरणादायक पर्व है, जिसे दिवाली के दिन मनाया जाता है। यह दिवस सिखों के छठवें गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी की वीरता, न्यायप्रियता और मानवता के लिए समर्पण का प्रतीक है। जब मुगल सम्राट जहांगीर ने गुरु साहिब को ग्वालियर के किले में कैद किया, तब वहां पहले से ही 52 हिन्दू राजा भी बंदी थे। बाद में जब सम्राट ने गुरु साहिब को रिहा करने का आदेश दिया, तो गुरु जी ने यह शर्त रखी कि वे तभी बाहर जाएंगे जब वे सभी 52 राजा भी उनके साथ रिहा किए जाएं। जहांगीर ने एक चालाकी से यह शर्त रखी कि केवल वही राजा रिहा होंगे जो गुरु साहिब के वस्त्र को पकड़ सकें। तब गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने एक विशेष 52 कलियों वाला चोला (कुरता) बनवाया, जिसकी प्रत्येक कली को एक-एक राजा पकड़कर किले से बाहर निकल सका। इस तरह गुरु साहिब ने न सिर्फ स्वयं को, बल्कि सभी 52 राजाओं को भी मुक्ति दिलाई। यह घटना ना सिर्फ अद्वितीय नेतृत्व का उदाहरण है, बल्कि यह दिखाती है कि एक सच्चा धर्मगुरु जाति और मजहब से ऊपर उठकर सबके लिए न्याय करता है। गुरु हरगोबिंद साहिब जी के अमृतसर लौटने पर नगरवासियों ने दीप जलाकर उनका भव्य स्वागत किया, जो आज के ''दीवाली'' पर्व से भी जुड़ गया है। सिख समाज इस दिन को ''बंदी छोड़ दिवस'' के रूप में मनाकर अपने इतिहास की उस महान घटना को याद करता है, जो त्याग, सहनशीलता और धर्मनिरपेक्षता की मिसाल है। यह दिन हमें सिखाता है कि दूसरों की भलाई के लिए खड़े होना ही सच्चे धर्म का मार्ग है

## बाजार से लौट रही महिला की चेन लुटी

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में बाजार से वापस आ रही महिला से अज्ञात व्यक्ति चेन छीनकर फरार हो गया।पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन व चेन छिनैती की घटनाएं आम हो गई जिसके चलते लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त होता जा रहा है।लगातार हो रही घटनाओं के क्रम में प्लाट नं0 65 वसुन्धरा इन्कलेव अमराफार्म हाउस अहिमामऊ अर्जुनगंज की रहने वाली साधना सिंह पत्नी आशीष कुमार के अनुसार वह 15 अक्टूबर की शाम साईदाता मोड़ स्थित बाजार सब्जी लेने के लिये गई थी।जहां से वापस आते समय ओसियन लाइब्रेरी के सामने एक महिला हाथ में थैला लिये आ रही थी।जिसने उनके पास आकर गिरने का नाटक किया जिसे संभालने के लिये वह आगे बढ़ी थी कि इतने में एक अज्ञात व्यक्ति आया और उनकी सोने की चैन छीनकर फरार हो गया।पीड़िता ने उसका पीछा करने की कोशिश की लेकिन वह भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया।पीड़िता ने जब वापस आकर देखा तो वह महिला भी वहाँ नही थी।लेकिन उसका थैला वहीं पड़ा था जिसे खोलकर देखा तो उसमें एक कपड़े में लिपटे हुये सादे कागजों की गड्डी पड़ी हुई थी।इससे पीड़िता को एहसास हुआ कि उसी महिला एवं व्यक्ति द्वारा उसके साथ धोखाधड़ी करते हुये उसकी चैन छीन ली गई है।पीड़िता ने इसकी शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है।जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## दीपावली पर शाहजहांपुर जेल में हुई में सजावट प्रतियोगिता



शाहजहांपुर। जिला कारागार में दीपावली का पर्व इस वर्ष भी धमधाम से मनाया जा रहा है। बंदियों को सृजनात्मकता और सकारात्मकता से जोड़ने के उद्देश्य से कारागार प्रशासन द्वारा एक विशेष साज-सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसमें जेल परिसर को नौ टीमों में बांटकर सजाया जा रहा है। इन टीमों के नाम हैं दीपोत्सव, दिवाली, दीपावली, दीपमाला, रोशनी (महिला बैरक), प्रकाश, प्रकाशोत्सव, दीपपुंज और उजाला। प्रत्येक टीम में लगभग 100 बंदी शामिल हैं जो बैरकों, अहातों और परिसर की सफाई व सजावट का कार्य कर रहे हैं। प्रतियोगिता में विजेता टीमों को 22 अक्टूबर को फिल्म अभिनेता राजपाल यादव के करकमलों से पुरस्कृत किया जाएगा। जेल परिसर को दीपावली के एक दिन पहले तक पूरी तरह सजाने की योजना है। इसमें रंगोली, मिट्टी के दीप, मोमबत्तियाँ, झाड़-फानूस और झांकियों के माध्यम से कारागार को उत्सवमय रूप दिया जाएगा। विशेष रूप से मिट्टी के दीपों के उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि पारंपरिक स्वरूप बना रहे। कार्यक्रम को भव्य बनाने में समाजसेवी और व्यापारी संगठनों का भी योगदान मिल रहा है। आदर्श दिव्यांग कल्याण समिति के अध्यक्ष हरि शरण वाजपेयी द्वारा दीप, तेल, बाती व मिठाई की व्यवस्था की गई है, जबकि संस्था जय भारत के पदाधिकारियों ने 1100 से अधिक मोमबत्तियां भेंट की हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बंदियों के मनोबल को बढ़ाना, उनमें रचनात्मकता विकसित करना और उन्हें समाज से जोड़े रखने की भावना को सशक्त करना है।

# बेकाबू कार की टक्कर से एक की मौत, छह घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर मोहल्ले में एक बेकाबू कार की टक्कर से सड़क के किनारे खरीदारी कर रहे एक वृद्ध की मौत हो गई। हादसे में छह लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद वहां भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम स्थिति को काबू पाने का प्रयास कर रही है।पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि धूमनगंज थाना क्षेत्र में राजरूपपुर में लोग सड़क के किनारे दिवाली की खरीदारी में लगे हुए थे। इस दौरान एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई । इस दौरान कार की टक्कर लगने से 60 वर्षीय प्रदीप कुमार की मौत हो गई, जबकि हादसे में छह लोग घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। भीड़ के आक्रोश को देखते हुए वहां भारी पुलिस बल पहुंचा है। जाम की स्थिति को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

# चोरों के साथ मिलकर चोरी का सामान खरीदने वाला दुकानदार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पकड़े गए आरोपित सुशील सोनी के विरुद्ध चिनहट थाने में तीन व मोहनलालगंज थाने में एक तथा सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एक मुकदमा पहले से भी पंजीकृत है**

लखनऊ। गोसाईगंज पुलिस ने बन्द मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी करने वाले तीन अरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी के जेवर खरीदने वाले तीन दुकानदारों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किये गए जेवरात व अन्य सामान बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया।

इन्स्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गुमटी नम्बर 5 गोसाईगंज के रहने वाले अभिषेक शुक्ला ने शनिवार को सूरज मिश्रा व सुशील सोनी द्वारा अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर शुक्रवार की देर रात उनके घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर लेने जाने की शिकायत की थी।

जिसका मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों की तलाश की जा रही थी। इसी बीच शनिवार की रात पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी तभी मारुति सुजुकी शोरूम के पास 03 व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में हाथों में सूटकेस व बैग लेकर जाते हुए दिखायी दिये।जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रोककर पूँछतांछ की गई तो उन्होंने चोरी किये जाने की बात स्वीकार की।और बताया कि वह सभी नशे के आदि है जिसके चलते ही चोरी करते हैं।पकड़े गए व्यक्तियों ने अपने नामसुशील सोनी हरिद्वार सोनी व सूरज मिश्रा निवासीगण मातनटोला गोसाईगंज बताया।इन लोगों ने पुलिस को बताया कि चोरी की गई 1 सोने की अँगूठी को खुर्दही बाजार स्थित राहुल सोनी की ज्वैलर्स की दुकान में 5,000/- रुपये में 1 सोने की अंगूठी गोसाईगंज स्थित हरिशंकर सोनी की ज्वैलर्स की दुकान में 5,000/- रुपये में तथा चाँदी की 04 जोड़ी पायल 1 चाँदी की प्लेट 2 चाँदी के आधे नारियल 4 चाँदी की सुपाड़ी व 1 चाँदी का सिक्का गोसाईगंज स्थित इमरान की ज्वैलर्स की दुकान में 8,000/- रुपये में बेंच दी है। जिसके बाद पुलिस ने अभियुक्तों के माध्यम से दुकानदार राहुल सोनी निवासी खुर्दही बाजार सुशांत गोल्फ सिटी हरिशंकर सोनी निवासी अलीपुर पहाड़नगर टिकरिया गोसाईगंज व इमरान निवासी नेवातिन टोला गोसाईगंज को बुलवाकर खरीदे गए चोरी के जेवरात बरामद कर उन्हें भी हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपित सुशील सोनी के विरुद्ध चिनहट थाने में तीन व मोहनलालगंज थाने में एक तथा सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एक मुकदमा पहले से भी पंजीकृत है।पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर महिला सुरक्षा दल ने निकाली जागरूकता रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । सनातन के सबसे महत्वपूर्ण दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर छोटी दिवाली को नगर जोन के सभी थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल ने रविवार को मिशन शक्ति अभियान फ़ेज 5.0 के तहत जागरूकता रैली निकालकर जागरूक किया।उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फ़ेज-5.0 के तहत पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य व अपर पुलिस उपायुक्त नगर पुष्कर वर्मा के नेतृत्व में रविवार को नगर जोन के समस्त थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम व जागरूकता रैली में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।ल्लमिशन शक्ति 5.0ङ्क अभियान के तहत नगर जोन के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों एवं कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों ने शासन व पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी.एम. स्वनिधि योजना, पी.एम. सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सी.एम. हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया।

# अभिजीत और प्रिंस ने किशोरी लाल क्लब को दिलायी जीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । अभिजीत मिश्र के शतक और प्रिंस पाल की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत किशोरी लाल क्लब ने तेजस क्लब को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की अंडर-16 क्रिकेट सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली।नैनी स्थित किशोरी लाल पीजी कॉलेज मैदान पर रविवार से शुरू हुई सीरीज के पहले मैच में तेजस क्लब ने 36.1 ओवर में 252 रन (सुधांशु सिंह 55, साहिल तिवारी 33, शिवराज 29, सर्वेश सोनकर व शुभ केसरी 24-24, आयुष पांडेय 3-09, यूसुफ खान 2-44, राज सोनकर 2-19, सृजन पटेल 1-26, रुद्र राज सिंह 1-31) बनाये।जवाब में किशोरी लाल क्लब ने 33.3 ओवर में चार विकेट पर 258 रन (अभिजीत मिश्र 100 नाबाद, प्रिंस पाल 96, सर्वेश सोनकर 2-55, विशु यादव 1-28, साहिल तिवारी 1-52) बना लिये। अभिजीत मिश्र को एनआईएस क्रिकेट कोच परवेज आलम ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। किशोरी लाल क्लब के कोच विवेक गुप्ता ने उनका स्वागत किया।

# बेजुबान की सहारा बनी कोराव पुलिस बीमार पशु का पुलिस ने कराया इलाज , की मानवता की मिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव, प्रयागराज। कोराव थाना के बड़ोखर चौकी इंचार्ज प्रहलाद कुमार पाल ने मानवता की मिसाल पेश की है बता दे कि प्राथमिक विद्यालय बड़ोखरा गाव के पास रत्योंरा से बड़ोखर मुख्य संपर्क मार्ग सड़क के किनारे एक गौ माता बीमार हालत में बैठी थी कुछ लोगो ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी मौके पर चौकी इंचार्ज बड़ोखर अपने अन्य सहयोगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचकर पशु विभाग की टीम को बुलाकर इलाज मुहैया कराए इससे आसपास के लोगो ने ऐसे अच्छे कार्य की लोगो ने पुलिस की सराहना की।

# 15 हजार दीपों से सजा हनुमतधाम परिसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**वित्त मंत्री ने प्रतिभाग करने वाले बच्चों को किया सम्मानित**



शाहजहांपुर। दीपावली पर नगर निगम द्वारा हनुमतधाम परिसर में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 15,000 दीपों को प्रज्वलित कर पूरे स्थल को दीपमय बना दिया गया। यह आयोजन नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीपोत्सव के दौरान स्थानीय बच्चों द्वारा बनाई गई रंग-बिरंगी रंगोलियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रदेश के वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने उपहार देकर सम्मानित किया। जिससे बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया। इस दौरान जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, तमाम पार्षद तथा नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भव्य दीपोत्सव व लेजर शो से जगमया उठी तपोभूमि




कैनविज टाइम्स संवाददाता

ततरोई नैमिषारण्य । सतयुग की पावन धर्मधरा नैमिषारण्य धाम का चक्रतीर्थ परिसर आज शाम झिलमिल दियो की रंग बिंरगी रोशनी से मनमोहक दिख रहा था आज पूरी तीर्थ नगरी आज वृहद दियो जगमगाहट से रोशन हो रही है इस मौके पर सनातन रिक्ति सत्संग महा आरती सेवा सीमित के संरक्षण राजनारायण पाण्डेय के सानिध्य मे आचार्य सुनीत पाण्डेय व सभी आचार्य द्वारा करीब 40 मीटर की भक्तिमय आरती मे मुख्य अतिथि अशोक रावत विधायक रामकृष्ण भार्गव नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला डीएम अभिषेक आंनद एसडीएम नीतीश सिंह सीडीओ प्रणिता ऐश्वया एसडीएम शैलेंद्र मिश्रा सीओ आलोक प्रसाद सहित सभी संत मंहत आधिकारी श्रद्धालुओ व स्थानीयजन शामिल हुए अयोध्या उत्सव की तर्ज पर तपोभूमि को भव्य रुप से सजाने सवारने मे सभी विभागीय आधिकारी लगे हुए थे । इस आयोजन के अन्तर्गत तीर्थो एंव मंदिरो की साफ सफाई के साथ मार्गो को भी चमकाने के साथ मार्गो को भी चमकने के साथ ही रंग रोशन भी किया गया था ।

जिसमे मिश्रिख सहित अन्य ब्लाक के सफाई कर्मचारी लगे हुए थे इस आयोजन मे सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी चेयरमैन रामगड चीनी मिल रामगोपाल अवस्थी सहित जन व अधिकारीगण शामिल रहे अयोध्या सी दिखी झलक आज तीर्थ परिसर पर रंग बिरंगे दीपोत्सव लेजर शो और सुन्दर संगीत लहरियो के बीच की यादे ताजा करा दी जहा नजारा कुछ ऐसा लग रहा कि मानो दीपो का अनूठा संसार ही तीर्थ परिसर पर उत्तर आया हो वही ललिता देवी मंदिर और चक्र तीर्थ द्वार पर रामचरितमानस के अध्ययो के लगे कट आउट एक अलग एहसास कर रहे है पूरे परिसर मां ललिता देवी मंदिर व पचं प्रयागराज तीर्थ पर कही जय श्रीराम कही शुभ दीपावली जय चक्र तीर्थ स्वास्तिक ओम का आकार देकर दीपक सजाए गए थे ।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को किया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक चंदनचौकी के नेतृत्व में थाना चंदनचौकी की महिला शक्ति टीम द्वारा अभियान चलाकर,महिलाओं/ बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## बिजली बिल उसूलने गए लाइनमैन को बिजली उपभोक्ताओं ने की मारपीट मकदमा दर्ज

धौरहरा खीरी । थाना धौरहरा क्षेत्र के अंतर्गत गुलरी पुरवा माजरा परौरी मैं बिजली विभाग की टीम बिजली बिल उसूल ने पहुंची थी कि गांव के ही संतोष कुमार अपने तीन साथियों सहित आ गए और लाइनमैन सुरेंद्र वर्मा से गाली गलौज करने लगे सुरेंद्र वर्मा द्वद्व गाली देने से मना किया तो संतोष कुमार अपने तीन साथियों के साथ मिलकर मारने पीटने लगे और दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी देने लगे शोर शराबा सनकर काफी ग्रामीण एकत्र हो गए और सुरेंद्र व उनके साथियों को बचाया सुरेंद्र ने लइनमैन ने मौके पर 112 डायल किया जिससे मौके पर तत्काल पुलिस पहुंची सुरेंद्र वर्मा का कहना है कि पुलिस के सामने भी उक्त लोगों ने लाठी डंडों से मारा पीटा जिसकी सूचना थाना धौरहरा जाकर दी गई जहां पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा विधि कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म, अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने रविवार को महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके विरुद्ध कार्यवाही की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर जनपद मे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के क्रम में थाना प्रभारी रसूलपुर प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गशत कर थे। पुलिस टीम को सूचना मिली कि महिला सम्बन्धी अपराध में वांछित एक अभियुक्त नींबू वाला बाग के पास है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम आर्यन गुप्ता पुत्र मनोज गुप्ता निवासी गली न0 14 एकतानगर थाना रसूलपुर बताया है। थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त पर महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। इस मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेजा है।

# साइबर क्राइम टीम ने धोखाधड़ी से निकाले गए 1.05 लाख रुपये पीड़ित को लौटाए

**फोनपे के माध्यम से तीन बार में उड़े थे पैसे, कटरा पुलिस ने तत्परता दिखाकर कराई धनवापसी**



एजेंसी

मीरजापुर । साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच मीरजापुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कोतवाली कटरा की साइबर क्राइम टीम ने धोखाधड़ी से निकाली गई 1,05,000 की सम्पूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी। इस कार्रवाई की सराहना जिले भर में की जा रही है। रानीबाग निवासी अभिषेक यादव पुत्र स्व. बसंत लाल यादव ने 16 जुलाई को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोनपे एप के माध्यम से तीन बार में कुल 1,05,000 की निकासी कर ली गई है। शिकायत मिलते ही थाना कोतवाली कटरा की साइबर सेल टीम ने जांच शुरू की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में टीम ने तेजी से कार्यवाही करते हुए पूरी रकम को होल्ड कराया और तत्पश्चात 1,05,000 की पूरी धनराशि अभिषेक यादव के खाते में वापस करा दी। धनराशि वापस मिलने के बाद अभिषेक यादव ने थाना पहुंचकर मीरजापुर पुलिस, वरिष्ठ अधिकारियों और साइबर सेल टीम के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। इस सफलता में थानाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह, उपनिरीक्षक कृष्णकांत त्रिपाठी (प्रभारी साइबर सेल) और आरक्षी इरफान अंसारी की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या एप के माध्यम से लेन-देन करने से पहले पूरी तरह सावधानी बरतें और धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत एनसीआरपी र्टल या नजदीकी थाने पर शिकायत दर्ज कराएं।

# बुंदेलखंड में मौनियों का 36 घंटे निर्जला व्रत सोमवार से होगा शुरू

एजेंसी

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मे दीपावली पर्व सोमवार को मनाया जाएगा। सोमवार से मंगलवार तक मौन चराने वाले मौनियों का निर्जला व्रत शुरू होगा। मंगलवार की शाम गोपूजन के बाद उनके व्रत का पारण होगा। इस तरह मौनिया 36 घंटे का कठिन व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण की आराधना करेंगे। मौन चराने वाले मौनिया अमावस्या की सुबह से व्रत रखकर नंगे पैर रहेंगे। नदी सरोवरों में स्नान के साथ मोर पंखों को भी स्नान कराएंगे। शाम को घरों में बनाए जाने वाले गोवर्धन की पूजा करेंगे। इसके बाद मंगलवार को सुबह गोवर्धन पूजन करने के उपरांत घरों से निकलकर गांव कस्बों की रहुनिया में एकत्र होकर गोपूजन करके मौन धारण करते है। गांव के मठ मंदिरों में नंगे पैर जाकर पूजन अर्चन करके शाम को वापस आकर रहुनिया में विधि विधान के साथ गोपूजन करके श्री कृष्ण भगवान का जयकारा लगाकर व्रत समाप्त करेंगे। इसके बाद माताएं बहनें उनकी आरती उतार कर तिलक करके मुंह मीठा कराकर व्रत का पारण कराएंगे। इसके बाद यह ग्रामीणों को प्रसाद बांटते हुए वापस घरों को लौटेंगे। यह परंपरा बुंदेलखंड में सदियों से विद्यमान है। जिसका निर्वहन आज भी लोग श्रद्धा के साथ कर रहे हैं। आचार्य पंडित उमादत्त शुक्ला, पंडित बृजकिशोर पाठक, पंडित विनीत शुक्ला आदि ने बताते हैं कि लोगों में भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में अगाध आस्था है। उन्हीं की भक्ति के लिए 14 वर्ष मौन व्रत किया जाता है। 13 वर्ष यह लोग गांवों कस्बों में रहकर मौन चराते हैं। अंतिम वर्ष मथुरा वृंदावन जाकर अपने व्रत का समापन करते हैं। इस दौरान व्रती मांस मदिरा से दूर रहकर बगैर स्नान के भोजन नहीं ग्रहण करता है। इस कठिन व्रत को आज भी पूरी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस व्रत में युवाओं की संख्या अधिक रहती है। आचार्यगणों ने बताया कि इस वर्ष अमावस्या तिथि सोमवार को दोपहर 2:30 बजे शुरू हो रही है। इस वजह से मंगलवार को प्रतिपदा नहीं, बल्कि स्नान दान की अमावस्या है। इस लिहाज से मौन चराने वालों को सोमवार की बजाय मंगलवार को व्रत रखकर बुधवार को प्रतिपदा में मौन चराना शुभ रहेगा।

# अग्निबाण चलाकर राम ने रावण का किया बध, धूधू कर जला पुतला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिकुनिया खीरी। कस्बे में चल रही रामलीला मेले में दीपावली के एक दिन पहले अंतिम दिन राम लीला में राम रावण का भयंकर युद्ध हुआ। लीला देखने के लिए क्षेत्रीय तथा नेपाली नागरिकों की भीड़ उमड पड़ी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। रविवार को देवी मंदिर पर चल रही रामलीला मेले में अंतिम दिन रावण वध तथा राम को राजगद्दी का मंचन किया गया। युद्ध में भगवान राम आकाश से युद्ध कर रहे रावण का पीछा करते हैं और बाणो की झड़ी लगा देते हैं। भगवान राम रावण के सर को काटते हैं वह दोबारा फिर रावण के जिंदा लग जाता है रावण की इस माया को देखकर आकाश मार्ग से युद्ध को देख रहे देवता गण चिंतित हो जाते हैं कि आखिर भगवान राम द्वारा काटे गए सर दोबारा फिर लग जाते हैं तो क्या रावण का वध नहीं होगा ब्रह्मा जी बताते हैं रावण का वध होगा अभी समय नहीं हैजल्दी ही समय आ रहा है इस बीच विभीषण वायु मार्ग से भगवान राम के पास जाकर उनको कान में बताते हैं कि रावण के नाभि में अमृत है इसलिए अग्निबाण चलाकर अमृत को नष्ट करें इस पर भगवान राम रावण को वध करने के लिए अग्निबाण चलते हैं रावण को अग्निबाण लगते ही रावण जय श्री राम कहते हुए धरातल पर गिर जाता है और पुतले में आग लगा दी जाती है।

इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, शिवकुमार गर्ग,अनुज गुप्ता, अशोक निषाद,शैलेश यादव,महामंत्री अजय गर्ग टीटू, जितेंद्र गुप्ता, शिशिर गुप्ता, सोनू अग्रवाल, जगदीश,उमेश, अनिल कुंबले सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति फ़ेज 5 के तहत कार्यक्रम आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**संत फकीर दास स्मारक परिसर में आयोजित कार्यक्रम**

धौरहरा खीरी। सरकार द्वारा जारी मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कोतवाली पुलिस ने कस्बे में स्थित संत फकीर दास स्मारक परिसर में रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली पुलिस ने रविवार को धौरहरा कस्बे में स्थित महान संत बाबा फकीर दास स्मारक परिसर में शासन द्वारा आदेशित मिशन शक्ति फ़ेज 5 के तहत कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक राम औतार व मुख्य महिला आरक्षी माधुरी ने मौजूद महिलाओं व बच्चियों को जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा करते हुए जागरूक किया गया।इस दौरान बच्चियों के साथ महिलाओं ने भागीदारी की।

## रोटावेटर की चपेट में आने से 14 वर्षीय बालक की मौत



धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक रविवार को टैक्टर से खेत जोतने के दौरान पैर फिसलने से 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई। परिजनों ने छत विक्षत शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुजई कुण्डा निवासी राजेंद्र वर्मा ने रविवार सुबह सात बजे अपना खेत जोतने के लिए भतीजें प्रदीप को मय ट्रैक्टर रोटावेटर से भेजा जिसके साथ उनका 14 वर्षीय पुत्र बल्लू उर्फ विनय भी चला गया।बताया जाता है कि खेत जोतने के दौरान विनय रोटावेटर पर बैठ गया था।कि पैर फिसलने के कारण विनय रोटावेटर की चपेट में आने से उसका शव छत विधत हो गया। अचानक हुई घटना से परिवार व गांव में हाहाकार मच गया। दोपहर एक बजे तक परिजनों ने विनय का अंतिम संस्कार कर दिया।

## रंगोली, दीयों और खुशियों के संग एस. डी. इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली समारोह सम्पन्न

बेहटा । विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, दीयों और फूलों से सजाया गया, जिससे उत्सव का माहौल बन गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने रंगों से सजीव चित्र बनाए। रंगोली के डिज़ाइनों में दीप, मां लक्ष्मी, गणेश जी और स्वच्छ भारत जैसे विषयों को शामिल कर बच्चों ने त्योहार के साथ सकारात्मक संदेश भी दिया। विद्यालय की संस्थापक श्रीमती शांती देवी, प्रबंधक श्री एम पी वर्मा के साथ ही एम0 डी0 श्री बसंत वर्मा एवं श्रीमती वन्दना वर्मा ने बच्चों के साथ दीपावली उत्सव मनाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित यादव ने सभी बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें जीवन में इसी उत्साह और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ टीम वर्क, संस्कार और सृजनशीलता का भाव भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की आकांक्षा श्रीवास्तव, नम्रता पाण्डेय, श्रद्धा मिश्रा आदि सभी शिक्षकगण, अभिभावक और स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यालय में खुशियों और सीखने का संगम देखने को मिलता है।

समिति सचिव ने किसान से की अवैध वसूली,विरोध करने पर की अभद्रता के साथ दी जान से मारने की धमकी।

## पीड़ित किसान ने आई जी आर एस के माध्यम से सचिव की आय से अधिक संपत्ति की जाँच करवाने की मांग की

सकरन (सीतापुर) ।सचिव साधन सहकारी समिति सांडा की रसीद के नाम पर अवैध वसूली के साथ पीड़ित किसान ने सचिव के द्वारा अभद्रता के साथ धमकाने व जान से मारने की धमकी की मुख्यमंत्री व विभागीय अधिकारियो से शिकायत करते हुए नौकरी के दौरान अर्जित की गई आय से अधिक संपत्ति की जाँच कराने गुहार लगाई है। विदित हो कि किसान संतोष सिंह निवासी सांडा पश्चिम पुरवा समिति सांडा पर डी ए पी खरीद के लिए गए तो उनसे एम पैक्स की 226रूपए रसीद कटाने के लिए 250रूपए लिए गए विरोध करने पर समिति सचिव आशुतोष पाण्डेय के द्वारा दबंगई दिखाते हुए किसान से बदसलूकी करते हुए गाली गलौच के साथ धक्कामुक्की करते हुए जान से मरवा देने की धमकी दी गई। सचिव के व्यवहार से खिन्न हो पीड़ित किसान ने उच्च अधिकारीयों से पूरे मामले की जाँच करवा उचित कार्यवाही करने के साथ नौकरी के दौरान सचिव के द्वारा अर्जित की गई आय से अधिक सम्पति की जाँच कराने की मांग की है। किसान ने बताया भाजपा सुशासन को बदनाम करने के लिए रिश्वतखोर व भ्रष्टाचार में संलिप्त सचिव समिति सांडा कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ रहे जिनके व्यवहार से एक एक क्षेत्रीय किसान ही नहीं समिति अध्यक्ष तक परेशान हैं।

## फफूंद से लापता तीन छात्र दिल्ली में दिखे, गुमशुदगी दर्ज

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के थाना फफूंद क्षेत्र के ग्राम रतवा से 3 नाबालिग छात्र बीते 15 अक्टूबर को घर से स्कूल जाने के लिए निकले थे, लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटे। परिवारजनों की चिंता बढ़ने पर जब खोजबीन की गई, तो बच्चों का कोई पता नहीं चला। इस पर परिजनों ने थाना फफूंद में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी है।

फफूंद पुलिस के अनुसार, लापता छात्रों की पहचान आशीष कुमार (15) पुत्र बृजेन्द्र कुमार, विशाल कुमार (14) पुत्र राजेश कुमार और अजय कुमार (15) पुत्र मनोज कुमार के रूप में हुई है।

# नाले में मिला वृद्ध का शव, सनसनी फैली

एजेंसी

**देसी शराब ठेके के पास घटी घटना, पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया शव**

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मे बिवार थाना क्षेत्र के निवादा बस स्टैंड के पास रविवार को उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय लोगों ने एक वृद्ध व्यक्ति का शव नाले में पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 62 वर्षीय झंडू कुशवाहा, निवासी बिवार के रूप में हुई है। झंडू के तीन पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। सबसे बड़े पुत्र और तीनों पुत्रियों की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार का भरण-पोषण मजदूरी से होता है। मात्र एक या दो बीघा ही कृषि भूमि है। मृतक के बड़े बेटे सियाराम कुशवाहा ने बताया कि उनके पिता जिला पंचायत सदस्य की गौशाला में काम करते थे और लंबे समय से शराब पीने के आदी थे। घटनास्थल देसी शराब ठेके के पास का बताया जा रहा है। रविवार को जब लोगों ने नाले में शव देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फील्ड यूनिट टीम के साथ जांच पड़ताल की। सीओ विनीता पहल ने बताया कि प्रारम्भिक जांच में यह मामला शराब के नशे में नाले में गिरने से हुई आकस्मिक मौत प्रतीत होता है। शव पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# पौधरोपण कर उसका संरक्षण एवं संवर्धन करना मानव का पुनीत कर्तव्य : ओम प्रकाश

**संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर पंच प्रण के तहत किया गया पौध रोपित**



एजेंसी

प्रतापगढ़ । उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर पंच प्रण के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचारक ओमप्रकाश ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों को रोपित करके उसके सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड उपलब्ध कराया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि काली चौदस, रूप चौदस, नरक चतुर्दशी एवं छोटी दीपावली, दीपावली के पावन अवसर पर यह पौधरोपण देश की उन्नति, सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली के लिए रोपित किया जा रहा है। वृक्ष है तो जीवन है, वृक्ष हमें व सम्पूर्ण प्राणियों को आक्सीजन प्रदान करके बड़ा ही उपकार करते हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का पुनीत कर्तव्य बनता है। इस मौके पर मौजूद अस्थि रोग विशेषज्ञ प्रख्यात डॉक्टर जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि वृक्ष हमें जो भी प्रदान करते हैं वह सब अनमोल है। पौधों का रोपण करके ही पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित किया जा सकता है। पौधरोपण के दौरान प्रमुख रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला प्रमुख अजीत सिंह, भारतीय भाषा अभियान के जिला संयोजक महेश कुमार गुप्ता, अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ इकाई के महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल, विपिन सहित संस्थान के कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

# अपर पुलिस महानिदेशक,पुलिस महानिरीक्षक व एसपी ने मिशन शक्ति केंद्र का किया उद्घाटन

**अपर पुलिस महानिदेशक ने थाना वजीरगंज में निर्मित मिशन शक्ति केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। शासन द्वारा संचालित ‘मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस महा निदेशक गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन, पुलि स महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठ क व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा थाना वजीरगंज परिसर में मिशन शक्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक ने थाना वजीरगंज में निर्मित मिशन शक्ति केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया।इस केंद्र की स्थापना का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा,सम्मान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करना है।यहाँ पर महिला हेल्प डेस्क,शिकायत पंजीक रण सुविधा, परामर्श एवं कानूनी मार्गदर्शन केंद्र सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं, ताकि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न या हिंसा की शिकार महिला या बालिका को त्वरित सहायता मिल सके। उद्घाटन के उपरांत आयोजित महि ला सम्मेलन में श्री मुथा अशोक जैन ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि यह महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का जीवंत प्रतीक है। समाज तभी प्रगतिशील बन सकता है जब महिलाएँ निडर होकर आगे बढ़ें और हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाएँ।‘उन्होंने छात्राओं और महिला ओं से साइबर अपराध, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, सोशल मीडिया सुरक्षा आदि विषयों पर संवाद किया और कहा कि ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत महिला हेल्पलाइन 1090,डायल 112 या नजदीकी थाने में दें।उन्होंने पुलिस को भी निर्दे शित किया कि महिलाओं से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता,त्वरितता एवं पारदर्शिता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें कार्यक्रम के दौरान मि शन शक्ति अभियान में उत्कृष्ट योगदान करने वाली दस महिलाओं को अपर पुलिस महानि देशक एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## महिलाओं को किया सम्मानित

मिथिलेश विश्वकर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जिन्होने अपने कार्यों के अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं बालिकाओं को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरुक किया गया। पूजा एवं श्रीमती गीता ऽ स्वयं सहायता समूह संचालक, इनके द्वारा मिशन शक्ति अभि यान में बढ चढकर हिस्सा लेते हुए महिलाओं के जागृत कर सरकारी योजनाओं के बारे में जागरुक किया गया। कर्मपता ऽ पूर्व जिला पंचायत सदस्य,जिन्होंने पंचायत स्तर पर महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुमन ऽ महिला चौकीदार, जिन्होंने अपने दायित्वों के निर्वहन के अतिरिक्त थाने स्तर पर महिला सुरक्षा एवं बालिकाओं की सुरक्षा की दृष्टि से मिशन शक्ति अभियान में सतर्क भूमिका निभाई। रीता सिंह एवं श्रीमती पिंकी देवी ऽ सामाजिक महिला कार्यकर्ता, जोकि भिन्न भिन्न क्षेत्रों में महिलाओं,बालिका ओं के घरेलू हिंसा,यौन शोषण आदि को रोकने हेतु प्रयासरत रहती हैं तथा मिशन शक्ति अभि यान को गाँवों तक पहुँचाने में अहम योगदान दिया। महिला उप निरीक्षक अंतिमा सिंह, महिला आरक्षी सोनम सिंह तथा महिला आरक्षी साधना यादव जिन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर सतत कार्य करते हुए कई पीड़िताओं को त्वरित न्याय दिलाने में योगदान दिया। तथा थाना क्षेत्रों के जाकर गाँव/मोहल्लों/स्कूलों/बाजारों आदि में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत शासन द्वारा चलाई जा रहीं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया ।उक्त महिलाओं की कार्यकुशलता एवं समर्पण भाव की सराहना करते हुए एडीजी श्री मुथा अशोक जैन ने कहा कि ‘ये महिलाएँ मिशन शक्ति की सच्ची प्रेरणा हैं, जिन्होंने नारी सशक्तिकरण को धरातल पर साकार किया है।‘जनजागरूकता एवं सहभागिता का आह्वान इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं के लिए सुरक्षा, सहायता एवं सशक्तिकरण का एकीकृत मंच बनेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे समाज में व्याप्त नकारात्मक सोच के विरुद्ध आवाज़ उठाएँ और महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने में सहयोग करें। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाए जा रहे स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी और कहा कि गोण्डा पुलिस महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति ने उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी दी और यह विश्वास भी दिलाया कि पुलिस हमेशा उनके साथ खड़ी है।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह, थाना प्रभारी वजीरगंज व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण, समाजसेवी, स्वयं सहायता समूह की सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, विद्यालयों की छात्राएं एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सीएम योगी पहुंचे अयोध्या, राम कथा पार्क हेलीपैड पर उतरा हेलीकॉप्टर

अयोध्या । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राम नगरी पहुंचे । राम कथा पार्क हेलीपैड पर उनका हेलीकॉप्टर उतरा, मुख्यमंत्री राम कथा पार्क में प्रतीकात्मक रूप से भगवान राम का राज्यभिषेक करेंगे। नौवां दीपोत्सव भी विश्व कीर्तिमान स्थापित करेगा।रविवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2017 से लगातार भगवान राम की पावन धरती पर दीपोत्सव का कार्यक्रम दिव्यता, भव्यता, अलौकिकता के साथ मनाया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में हर बार हम अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इस बार तीन नए कीर्तिमान बनेंगे। दिए की संख्या का रिकॉर्ड बनेगा तो 1100 ड्रोन एक साथ करतब दिखाएंगे। 2100 से ज्यादा विद्वान एक साथ सरयू की आरती करेंगे।पर्यटन मंत्री ने कहा कि हमारा देश राम राज्य की संकल्पना को साकार कर विश्व की अगुवाई करेगा और विकसित देश बनेगा। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की धरती पर आज उत्तर प्रदेश सरकार दीपोत्सव के नवें संस्करण का आयोजन दिव्यता- भव्यता के साथ कर रही है।

# इको फ्रेंडली दीपावली का लिया संकल्प सीमावर्ती क्षेत्रों में चलेगा जनजागरण अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। दीपावली पर्व के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों व पर्यवारणविदों ने देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज परिसर में ''इको फ्रेंडली दीपावली'' मनाने का सामूहिक संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने पर्यावरण के महत्व को जन जन से अवगत कराने के लिए सीमावर्ती इलाकों में जन जागरण अभियान चलाए जाने का कार्यक्रम भी तय किया। देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज परिसर में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए प्रतिनिधियों व पर्यावरणविदों को संबोधित करते हुए रूल ऑफ लॉ सोसाइटी अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि पटाख़ों में पोटैशियम नाइट्रेट व फॉस्फोरस की मात्रा अधिक होने के कारण ये वातावरण को विषाक्त कर देता है पटाखों के दगाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और जहरीली हवा वातावरण में अपमिश्रित होकर मानव जीवन के लिए घातक बन जाता है ऐसे में हम सबका दायित्व बनता है कि हरित पटाखों का उपयोग कर हम खुशियां मनाए और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचावे। किसान परिषद संयोजक शिव पूजन सिंह ने कहा कि वातावरण को मानवानुकूल बनाये रखने के लिए आवश्यक है कि जहरीली पटाखों का उपयोग कम से कम करे और पारंपरिक त्योहार को खुशी पूर्वक मनाए। पर्यावरणविद प्रवक्ता राजीव श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों से पर्यवारण को स्वस्थ बनाए रखने व वातावरण को मानव जीवन के अनुकूल बनाये रखने के लिए हरित पटाखों का उपयोग करने का आवाहन किया।कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव ने किया तथा अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अशोक उपाध्याय ने किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंडित कृष्ण गोपाल शर्मा,पर्यावरणविद राहुल उपाध्याय, देवेश शर्मा, संदीप पाठक, अभय तिवारी, रोहित विश्वकर्मा,समृद्ध श्रीवास्तव ,लल्लन आदि उपस्थित रहे।समापन अवसर पर छात्रों व उपस्थित लोगों को फलदार वृक्ष देकर पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया।

## उप निबन्धक कार्यालयों में सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात होंगे भूतपूर्व सैनिक एवं होमगार्ड

बहराइच। सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, बहराइच ने बताया कि स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उत्तर प्रदेश शासन श्री रवींन्द्र जायसवाल द्वारा रजिस्ट्री विभाग की सुरक्षा के लिए नवीन व्यवस्था की गई है। जिसके अन्तर्गत प्रदेश के समस्त उप निबन्धक कार्यालय में सुरक्षा गार्ड के रूप में भूतपूर्व सैनिक एवं होमगार्ड की तैनाती होगी। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में जारी शासनादेश के अनुसार प्रदेश में 380 उप निबन्धक कार्यालयों की सुरक्षा हेतु भूतपूर्व सैनिक, पर्यवेक्षकों तथा होमगार्ड रखे जाऐगें।सहायक महानिरीक्षक निबन्धन ने बताया कि प्रथम वरीयता सैनिक कल्याण निगम के द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती होगी। भूतपूर्व सैनिकों की उपलब्धता न होने पर होमगार्ड तैनात किये जायेगें। शासनादेश के मुताबिक वर्तमान उपलब्धता एवं कार्यालय संख्या के अनुसार 111 उप निबन्धक कार्यालयों की सुरक्षा हेतु 315 भूतपूर्व सैनिक एवं 12 सुपरवाइजर तथा शेष 269 उप निबन्धक कार्यालयों में 789 होमगार्ड लिये जायेगें, जिसमें 40.53 करोड रू. वार्षिक खर्च होगे।

# उप्र परिवहन निगम ने की 300 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था, यात्रियों की संख्या बढ़ने पर किया इंतजाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद । लखनऊ, आगरा, अलीगढ़ समेत अन्य रूटों पर यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने 300 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था कर दी है। यात्रियों की संख्या बढ़ने पर बसों का संचालन किया जाएगा।सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम सिंह ने बताया कि मुरादाबाद बस अड्डे से लखनऊ के लिए सुबह सात बजे से शाम साढ़े छह बजे तक हर एक घंटे पर बस मिल रही। हल्द्वानी, काशीपुर, रामनगर, अलीगढ़, आगरा के लिए रात 11 बजे तक बसें चलेंगी। मुरादाबाद बस अड्डे से लखनऊ, आगरा, अलीगढ़, चंदौसी समेत अन्य रूटों पर 243 बसों का संचालन किया जाता है।एआरएम प्रेम सिंह ने आगे बताया कि डिपो में बसें पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। चालकों और परिचालकों की छुट्टियां भी कैंसिल कर दी गई हैं। यात्रियों की संख्या बढ़ने पर बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। संभल, चंदौसी मार्ग पर हर 10 मिनट पर बसें हैं। इन रूटों पर बसों का संचालन रात 11 बजे तक किया जाएगा। यात्रियों की संख्या बढ़ने की स्थिति में रात 11 बजे के बाद भी बसें चला दी जाएंगी।एआरएम प्रेम सिंह ने यह भी बताया कि दिवाली के त्योहार को देखते हुए पीतलनगरी बस अड्डे से अयोध्या तक बसों का संचालन किया जाएगा। अयोध्या के लिए 25 से 30 यात्री मिले तो उनके लिए बस लगा दी जाएगी।

# दीपावली पर विद्यालय ने बढ़ाया मानवीयता का हाथ, जरूरतमंदों संग बाँटी खुशियाँ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। दीपावली पर्व के अवसर पर सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, नानपारा की प्रबंध समिति द्वारा एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने शिवपुर गाँव पहुँचकर वहाँ के जरूरतमंद परिवारों को उपहार स्वरूप खाद्य सामग्री, दीपक एवं तेल वितरित किया। इस पहल का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के बीच खुशियाँ बाँटना और उनके चेहरों पर मुस्कान लाना था। कार्यक्रम में विद्यालय के निर्देशक के नेतृत्व में शिक्षकगण व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानवता की मिसाल पेश की। प्रधानाचार्या ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली केवल घरों को नहीं, दिलों को रोशन करने का पर्व है। जब हम अपनी खुशियाँ दूसरों के साथ साझा करते हैं, तभी यह त्योहार अपने सच्चे अर्थों में पूर्ण होता है। शिवपुर गाँव के ग्रामीणों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं।

# संतों ने कहा- योगी ने विक्रमादित्य की परंपरा को किया पुनर्जीवित, त्रेता युग फिर लौटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**रामकथा पार्क में आयोजित प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक कार्यक्रम को संतों ने किया संबोधित**

अयोध्या । दीपोत्सव की दिव्यता के बीच रामकथा पार्क रविवार को एक ऐसे आध्यात्मिक क्षण का साक्षी बना, जब संतों ने एक स्वर में कहा कि योगी ने वह कर दिखाया जो युगों तक असंभव रहा। प्रभु श्रीराम के प्रतीकात्मक राज्याभिषेक में पहुंचे संतों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अभिनंदन और धन्यवाद दिया। मंच से भक्ति और राष्ट्रीय गौरव का ऐसा उद्गार फूटा जो पूरे पंडाल में गूंज गया।पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती महाराज ने कहा कि अयोध्या में ऐसा दीपोत्सव कभी कोई सोच भी नहीं सकता था। लेकिन योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनकर असंभव को संभव बना दिया। उनसे पहले कई मुख्यमंत्री हुए, पर किसी ने अयोध्या में ऐसे भक्ति-महोत्सव का स्वप्न तक नहीं देखा। लोग ने सैफई महोत्सव करवाते रहे और अपने घरों को सजाते रहे, पर योगी ने अयोध्या में दीपोत्सव का शुभारंभ किया। हर वर्ष दीपों की संख्या बढ़ रही है। योगी ने विश्वभर के हिंदुओं मस्तक गर्व से ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी और अशोक सिंघल जी का संकल्प योगी ने पूरा किया है।जगतगुरु रामानुजाचार्य डॉ. राघवाचार्य जी महाराज ने कहा कि पिछली सरकारों ने अयोध्या को अंधकार में धकेल दिया था। लोग अयोध्या का नाम लेने से कतराते थे। आज वही अयोध्या प्रकाश की राजधानी बन गई है। योगी सादगी और सिद्धांत की जीवंत मूर्ति हैं। पहले के मुख्यमंत्री अयोध्या देखना नहीं चाहते थे, पर योगी लगभग हर महीने यहां आकर संतों का हाल जानते हैं। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने कभी अयोध्या को सजाया था, योगी ने विक्रमादित्य की ही परंपरा को पुनर्जीवित किया है।जगतगुरु श्रीराम दिनेशाचार्य महाराज जी ने कहा कि हम अक्सर राम पैड़ी पर कल्पना भर करते थे कि मां सरयू दीप जला रही हैं और श्रीराम की प्रतीक्षा कर रही हैं। योगी के नेतृत्व में वह कल्पना साकार हुई है। अब लगता है कि शरीर से हम कलियुग में हैं, पर मन और आत्मा से त्रेता युग में जी रहे हैं।श्रीजगतगुरू रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य जी महाराज ने कहा कि यह हमारा परम सौभाग्य है कि कलियुग में त्रेता का स्मरण हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या के नए युग की शुरुआत की और योगी ने उसे भक्ति के चरम पर पहुंचाया। पहले अयोध्या नीरस थी, अब हर गली-गली राम नाम से गूंज रही है। जो लोग कभी अयोध्या नहीं आना चाहते थे, वे आज तिलक और जनेऊ के साथ अपनी पहचान पर गर्व कर रहे हैं।जगतगुरु वासुदेवाचार्य जी महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम सूर्यवंश में अवतरित हुए और राम मंदिर का निर्माण सूर्य के पर्याय आदित्यनाथ के काल में हुआ, यह सूर्य कृपा का जीवंत प्रतीक है। योगी आदित्यनाथ मां सरयू के लिए भगीरथ की भूमिका निभा रहे हैं।

# छोटे भाई ने बड़े भाई की डंडे से पीट-पीट कर दी हत्या, मां ने दर्ज कराया मुकदमा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के कटरा गांव में शनिवार देर रात रिश्तों को कलंकित कर देने वाली वारदात ने सभी को झकझोर दिया। मामूली कहासुनी में छोटे भाई ने बड़े भाई की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई।कटरा के रहने वाले अलगू चौहान (45) और उनका छोटा भाई जगन चौहान शनिवार रात करीब 11 से 12 बजे के बीच किसी बात को लेकर आपस में उलझ पड़े। देखते-देखते विवा द इतना बढ़ा कि गुस्से में आकर जगन ने लक ड़ी की फंटी उठाई और बड़े भाई के सिर पर जोरदार वार कर दिया।गंभीर चोट लगने से अलगू मौके पर ही गिर पड़े। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उनकी सांसें थम चुकी थीं। घटना के समय घर में अन्य कोई सदस्य मौजूद नहीं था।मृतक की मां अंदेशा कुमारी उस समय कटरा कुटी धाम मंदिर में श्रीराम कथा सुनने गई थीं।घटना की जानकारी मिलते ही वह घर पहुंचीं।तो बेटे का शव देखकर बेसुध हो गईं। पुलिस ने मृतक की मां अंदेशा कुमारी की तहरीर पर आरोपी छोटे भाई जगन चौहान के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

# चित्रकूट के कोषागार में हुए बहुचर्चित घोटाले के मुख्य आरोपी संदीप श्रीवास्तव की प्रयागराज में इलाज के दौरान मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**चित्रकूट के कोषागार में हुए बहुचर्चित घोटाले के मुख्य आरोपी संदीप श्रीवास्तव की प्रयागराज में इलाज के दौरान मौत**

चित्रकूट । जिले के कोषागार में हुए बहुचर्चित 43.13 करोड़ रुपये के घोटाले में रविवार को बड़ा मोड़ आ गया है। घोटाले के मुख्य आरोपी संदीप श्रीवास्तव की प्रयागराज मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के साथ ही अब इस प्रकरण में पुलिस और जिला प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।आपको बता दें कि चित्रकूट कोषागार में हुए 43.13 करोड के घोटाले के उजागर होने के बाद जांच में जुटी पुलिस द्वारा प्रकरण के कथित मुख्य आरोपी संदीप श्रीवास्तव को दो दिन पहले सदर कोतवाली कर्वी पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए ले जाया गया था। बताया गया कि शनिवार शाम उसकी हालत कोतवाली में अचानक बिगड़ गई । आनन-फानन में उसे चित्रकूट जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, सीएमएस शैलेंद्र कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की मौजूदगी में प्राथमिक इलाज किया गया। इसके बाद हालत गंभीर होने पर उसे प्रयागराज मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। अब इस मामले में यह सवाल उठ रहा है कि पुलिस ने आरोपी को बिना किसी मजिस्ट्रेटी आदेश या लिखित अनुमति के 24 घंटे से अधिक समय तक कथित आरोपी संदीप श्रीवास्तव को सदर कोतवाली कर्वी में क्यों रखा। इसके साथ ही यह भी जानकारी सामने आई है कि जिला चिकित्सालय में भर्ती की प्रक्रिया पुलिस की बजाय आरोपी के भाई सचिन श्रीवास्तव के माध्यम से कराई गई थी। इससे यह शक गहराता जा रहा है कि मामले को प्रशासनिक स्तर पर दबाने की कोशिश की गई।इस मामले में चित्रकूट के पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह का दावा है कि संदीप श्रीवास्तव को केवल पूछताछ के लिए बुलाया गया था और उसे हिरासत में नहीं रखा गया था, लेकिन घटनाक्रम इस बयान से मेल नहीं खाता। यदि वह हिरासत में नहीं था, तो उसकी तबीयत कोतवाली में ही कैसे बिगड़ी और उसे अस्पताल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पुलिस की क्यों रही। कोषागार में हुए घोटाले के मुख्य आरोपी की मौत के बाद उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेष यादव ने इस प्रकरण पर सूबे की योगी सरकार को घेरा है। सोशल मीडिया एक्स पर सपा मुखिया अखिलेष यादव ने लिखा है कि चित्रकूट ट्रेजरी में हुए करोड़ों के घोटाले के मामले में मुख्य आरोपी की हिरासत में मौत, एक बेहद गंभीर मुद्दा है क्योंकि इतना बड़ा घोटाला कोई अकेले नहीं कर सकता है। इसमें कई लोगों की संलिप्तता के उजागर होने की आशंका रही होगी। इसलिए इसे सामान्य मौत न मानकर निष्पक्ष जाँच हो और सभी दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो।

## दुष्कर्म कर अश्लील फोटो खींचने वाला गिरफ्तार

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद जिले के थाना कंठ क्षेत्र में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसने दो दिन पहले घर में अकेली युवती से दुष्कर्म करने, अश्लील फोटो खींचने और उसकी शादी तुड़वाने की धमकी दी थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को अपराधी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे उसे जेल भेज दिया गया है।थाना कंठ क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने शुक्रवार को थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी 21 वर्षीय बेटी 17 अक्टूबर को घर में अकेली थी। जहांगीरपुर चकफ़ेरी निवासी पुष्पेन्द्र उर्फ छोटू घर में घुसकर बेटी के साथ दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील फोटो खींच ली।यहां तक अपराधी ने पीड़ित को धमकाया कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया तो वह शादी के लिए बीते माह हुआ उसका रिश्ता तुड़वा देगा। पुलिस ने अपराधी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# समाज के वंचित वर्ग संग खुशियां बांटना ही सच्चे अर्थों में दीपोत्सव का उद्देश्य : सचिन

**जरूरतमंद बच्चों के बीच वितरित किए मिष्ठान और पटाखे**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

झांसी । दीपावली के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंद बच्चों के बीच मिठाई और पटाखे वितरित किए गए । कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के उन बच्चों तक खुशियाँ पहुँचाना था जो संसाधनों के अभाव में त्योहार की चमक से वंचित रह जाते हैं। यह बातें रविवार को जरुरतमंदों को मिठाई और पटाखे वितरण के दौरान आरएसएस के जिला प्रचारक सचिन ने कही।उन्होंने कहा कि ‘दीपावली केवल दीप जलाने का त्योहार नहीं, बल्कि यह हृदयों में प्रकाश फैलाने का अवसर है। जब हम समाज के वंचित वर्ग के साथ अपनी खुशियाँ बाँटते हैं, तभी सच्चे अर्थों में दीपोत्सव का उद्देश्य पूरा होता है।‘बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सचिन के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ और अध्यक्षता उपेंद्र बबेले ने की।इस अवसर पर श्री राम राय(पूर्व पार्षद),अंशु हरीश बीटू राय, अमित-नेहा राय , करन राय, ठा. ऋषभ सिंह,हरसन-शुभांगी राय,तन्मय,रजनी राय गौरी,राधिका,नंदिनी आदि सभी ने मिलकर बच्चों को मिठाई, पटाखे और दीपक वितरित कर उनके साथ दीपावली की खुशियाँ साझा कीं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने संदेश दिया कि दीपावली का वास्तविक अर्थ समाज के हर वर्ग तक प्रकाश, प्रेम और सेवा की भावना पहुँचाना है।

# दुग्ध उत्पादों में गुणवत्ता ही बनी ध्रुव डेयरी की पहचान : अजय सिंह

## शंकरगंज में ध्रुव ग्रुप आफ कम्पनीज ने दुग्ध उत्पादकों को गोपाल सम्मान समारोह से नवाजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । क्षेत्र के कस्बा शंकरगंज में रविवार को ध्रुव राज जन सेवा संस्थान द्वारा दुग्ध उत्पादकों को अधिक दुग्ध उत्पादन पर पुरस्कृत किया गया और पशु पालकों को पशु पालन के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। ध्रुव ग्रुप आफ कम्पनीज के चेयरमैन सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने दुग्ध उत्पादकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप सब लोग दुग्ध उत्पादन से अपनी आर्थिक स्थित सुधार सकते हैं और दुग्ध उत्पादन कर प्रत्येक माह अच्छी रकम कमा सकते हैं। उन्होंने किसानों को दुग्ध उत्पादन के बारे में कुशल जानकारी,जिसमें फीड और रोग से बचाव से लेकर पशुओं के रखरखाव सम्बंधित जानकारी देकर के किसानों को जागरूक किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सत्य सांई इण्टर कालेज के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा कि ध्रुव ग्रुप आफ कम्पनीज ने कम समय में इस क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है और दुग्ध उत्पादों के मामले में गुणवत्ता ही इसकी पहचान है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिये लगातार प्रोत्साहित किया जाता रहा आज इसी का नतीजा है कि धनतेरस व दीपावली के पावन पर्व पर दुग्ध उत्पादकों को गोपाल सम्मान समारोह से सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय कुमार सिंह के साथ ही ध्रुव ग्रुप आफ कम्पनीज के चेयरमैन सुरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा दुग्ध उत्पादन में उत्कृष्ट स्थान अर्जित करने वाले किसानों को गोपाल सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया। ध्रुव ग्रुप आफ कम्पनीज के चेयरमैन डॉ सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने करीब दो दर्जन मातृ शक्तियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर रघुराज सिंह, अनिरुद्ध सिंह, अंकित तिवारी, रुद्र प्रताप सिंह, राम फल शुक्ला, लवलेश यादव,शंकर बख्श सिंह, गोविंद तिवारी, रमा शंकर सिंह, संत लाल तिवारी, जितेंद्र पाल, महादेव साहू, विशाल तिवारी, आशीष वर्मा, राज कुमार, जितेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, फतेह बहादुर सिंह के साथ ही दुग्ध उत्पादन में अग्रसर महिलाओं सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दीपावली पर गरीब और असहाय के बीच जाकर उनमें त्यौहार की खुशियां बांटे : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपदवासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनायें देते हुये उनके स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं खुशहाल भविष्य की कामना किया है। उन्होने दीपों के पर्व को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिल-जुलकर मनाने की अपील की है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया है कि वह पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये पटाखों का कम से कम प्रयोग करें, पटाखे जलाते समय बच्चों के साथ बड़े अवश्य रहें, कम आवाज वाले पटाखे ही जलाएं ताकि आस-पास कहीं प्रदूषण न फैले, खासकर चिकित्सालयों, बीमार व्यक्तियों के आस-पास पटाखे जलाने से परहेज करें। उन्होने यह भी अपील किया है कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिये जरूरी है कि ग्रीन पटाखें जलाये जाये। पटाखों के कारण होने वाले वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य समस्या की सम्भावनायें बनी रहती है, वायु प्रदूषण से बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपद वासियों का आवाहन करते हुये कहा है कि दीपावली के पावन पर्व पर असहाय, गरीब व्यक्तियों के बीच जाकर उनमें त्योहार की खुशियां बांटने का काम करें। डीएम संजय चौहान ने अपने बधाई संदेश में सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकमानाएं देते हुये जनपदवासियों से यह भी आवाहन किया कि अपने को सुरक्षित रखकर दीपावली के पर्व को परम्परागत ढंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनायें।

# बालाजी आई.टी.आई. में धनतेरस पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। धनतेरस के शुभ अवसर पर बालाजी प्राइवेट आई.टी.आई., मैदूपुर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता तथा टीम भावना का परिचय दिया।आयोजन के अंतर्गत दीया मेकिंग, रंगोली मेकिंग, फायरलेस कुकिंग, अंताक्षरी, टीम वर्क गेम, पेपर एक्टिविटी, बलून एक्टिविटी, म्यूजिकल चेयर एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रत्येक प्रतियोगिता में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के संरक्षक हरीशंकर चौधरी एवं प्राचार्य विकास सक्सेना ने सभी विद्यार्थियों को धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संस्थान के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में टीम भावना, सहयोग, रचनात्मकता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना रहा। पूरा संस्थान उत्सव के रंग में रंगा दिखाई दिया और विद्यार्थियों के चेहरों पर उल्लास एवं प्रसन्नता झलकती रही।

# गौरीगंज विधायक के आवास पर तेइस अक्टूबर से होगी श्रीराम कथा

## मुख्यमंत्री योगी के साथ ही दर्जनों मंत्री और विधायकों के भी श्रीराम कथा में शामिल होने की संभावना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के निज निवास मंगलम भवन गौरीगंज में आगामी तेइस अक्टूबर से होने वाली श्रीराम कथा की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न हुई जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक विधायक राकेश प्रताप सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री को भी श्रीराम कथा का आमंत्रण पत्र सौंपा है और उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री समेत कई मंत्रियों के आने की संभावना भी पाई जाती है।श्रीराम कथा के आयोजक एवं गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी तेइस अक्टूबर से जामो मार्ग पर स्थित मंगलम भवन के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज के मुखारविंद से श्रीराम कथा का रसपान नियमित दो बजे से पांच बजे कराया जायेगा और आगामी एक नवम्बर को सायं छह बजे से नौ बजे तक शौर्य गाथा होगी।गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि इस बैठक में सभी ने मिलकर विचार किया कि इस पावन श्रीराम कथा को और अधिक भव्य, दिव्य एवं अलौकिक रूप कैसे दिया जाय जिसे प्रत्येक श्रद्धालु श्रीराम भक्ति की उस अनूठी अनुभूति से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि इस आयोजन को स्मरणीय और अद्वितीय बनाने में तन मन से योगदान देंगे। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि श्रीराम कथा में शामिल होने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रण पत्र प्रदान किया है इसके अलावा अन्य कई मंत्रियों और विधायकों के आने की भी संभावना पाई जाती है। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने आम जनमानस से अनुरोध किया है कि इस दिव्य श्रीराम कथा में पधारकर श्रीराम कृपा का लाभ अवश्य प्राप्त करने की बात कही है।इस मौके पर गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यगण मौजूद रहे।

## धनाराघाट पर नि:शुल्क नाव का संचालन 20 अक्टूबर से शुरू

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । एक दिन पहले पूरनपुर के भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनजीत सिंह ने डीएम को ज्ञापन सौंप कर बताया कि ट्रांस शारदा क्षेत्र की जनता का पिछले 4 महीनों से 140 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है चार महीनों से शारदा नदी के घाट से आवागमन बंद है जनता का एक सहारा नाव थी जो घाट पर चल रही थी वह नाव बंद कर दी गई वही मंजीत सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से नाव संचालन की मांग की थी जिसे अधिकारियों ने 20 अक्टूबर से पुनः शुरू करने का निर्णय किया है वही नाव सेवा बंद होने से क्षेत्र के किसानों, मजदूरों और स्कूली छात्रों को आवागमन में काफी दिक्कतें आ रही थी मनजीत सिंह ने दीपावली पर्व का हवाला देते हुए नाव संचालन दोबारा शुरू करने की मांग रखी, ताकि लोगों को बाजार और रिश्तेदारों के घर आने–जाने में सुविधा हो सके यात्रियों की सुरक्षा के लिए स्थानीय प्रशासन की निगरानी में नाव का संचालन किया जाएगा

## दो सड़क हादसे में चार घायल, एक जिला अस्पताल रेफर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र मे दो अलग अलग सड़क हादसे मे बाइक सवार चार लोग घायल हो गये थाना गजरौला क्षेत्र के गांव बानगंज के रहने वाले शिशुकुमार पत्नी क्रांति देवी और बेटी सोनाक्षी के साथ पड़रिया गांव में दवा लेने आए थे दवा लेने के बाद दोपहर को शिशु कुमार पत्नी और बच्ची के साथ बाइक से घर वापस जा रहे थे। खमरिया पट्टी गांव के पास उनकी बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में शिशु कुमार उनकी पत्नी क्रांति देवी और बेटी सोनाक्षी घायल हो गई उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया वही दूसरा हादसा शनिवार देर शाम थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव मदारपुर के रहने वाले विश्राम राइस मिल में काम करता है विश्राम बाइक से घर वापस लौट रहे थे। शेरपुर मकरंदपुर के पास उनकी बाइक के सामने रोड पर टहल रहा आवारा सांड आ गया बाइक की गति होने से वह सांड से टकरा गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया

## पूरनपुर रामलीला मैदान में रावण के पुतले का हुआ दहन रावण की अस्थियां लूटने के लिए लोगों की लगी भीड़

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक बार फिर बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में रावण दहन का कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ एक साथ आग के हवाले किए रावण और मेघनाद के पुतले भगवान राम ने अपने तरकश से चलाए तीरों के प्रहार से सतरंगी आतिशबाजी के साथ अहंकारी रावण और मेघनाथ के पुतलों का दहन कर दिया बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन देखने हजारों की भीड़ उमड़ी रामलीला मेला कमेटी की ओर से चल रही रामलीला रंगमंच पर रविवार को रावण वध की लीला का मंचन हुआ। शाम को रामलीला मैदान में राम, लक्ष्मण व हनुमान के प्रतिरूप में उनकी सेना युद्ध करने आई सबसे पहले राम भक्त हनुमान ने लंका में घुसकर रावण की सोने से बनी लंका में आग लगा दी इसके बाद राम व रावण के बीच जमकर युद्ध हुआ, जिसमें राम ने रावण का वध कर दिया और फिर रावण, मेघनाथ के पुतलों पर भी तीरों की बौछार कर उनको दहन किया पुतला दहन के बाद रावण की अस्थि रूपी बांस प्राप्त करने को लेकर लोगों में भगदड़ सी मच गई। लोगों का मानना है कि इस बांस को घर में रखना शुभ होता है दिखाया गया लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन रामलीला के मंच पर कलाकारों ने राम दल और लंकापति रावण की सेना में चल रहे युध्द में मेघनाथ द्वारा शक्ति बाण मार कर मूर्छित करने की लीला का मंचन दिखाया गया जाता है युध्द में लगातार हो रही हार से परेशान रावण सेनापति मेघनाद को युध्द में भेजने का निर्णय लेता है जहां पर मेघनाथ और लक्ष्मण में घनघोर युद्ध होता है अंत में मायावी मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। इससे रामदल में शोक की लहर दौड़ जाती है। लंका के वैद्यराज सुषेण ने बताया कि लक्ष्मण का उपचार अत्यंत मुश्किल है अगली सुबह तक द्रोणागिरि पर्वत से संजीवनी बूटी लाकर पिलाने के बाद ही लक्ष्मण के प्राण बच सकते हैं। ये सुनकर हनुमान जी बूटी लाने चल देते हैं इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु और नागरिक मौजूद रहे दर्शकों ने इस अद्भुत दृश्य का आनंद लिया भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध होते ही पूरा मैदान 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्रा ने इंग्लिश की कविता में पाया जिले में प्रथम स्थान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।अमरिया विकासखंड की ग्राम पंचायत बारातबोझ में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की कक्षा 7 की छात्रा अंजलि ने डायट में जिला स्तरीय हुई इंग्लिश कविता की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अंजलि को डायट प्राचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय बारातबोझ की छात्र-छात्राओं ने पूर्व में भी संकुल ब्लॉक जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की शिक्षिका संगीता वर्मा ने बताया कि यह उपलब्धि अंजलि एवं विद्यालय के लिए गर्व की बात है। अंजलि की इस सफलता से उसके माता-पिता और शिक्षकों को भी गर्व है।

# कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। लाल डिग्गी निकट विजय डीलक्स होटल स्थित एलएनआइटी कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के दसवें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डिबेट, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के डायरेक्टर इंजीनियर जयंत द्विवेदी और प्रोग्राम कॉर्डिनेटर जफर खान ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की।

जिसमें वाद विवाद के विषय ल्लक्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षकों की जगह ले लेगाल्ल पर विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें जैश जावेद को प्रथम, स्वस्तिक उपाध्याय और अक्षत को द्वितीय, कशिश और रुशेल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। एलएनआइटी के डायरेक्टर ने बच्चों का प्रोत्साहन करते हुए बताया कि इस तरीके के कार्यक्रम बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को मंच पर प्रदर्शित करने का सुनहरा मौका देती है जो विद्यार्थियों को जीवन पर्यंत एक स्मृति के रूप में याद रहती है और विद्यार्थियों की प्रतिभा निखर के प्रस्तुत होती है जो आत्मबल, आत्महबूती, और उत्साह का संचार करती है जो उनके भविष्य में उन्हें बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना करने के लिए प्रेरित करती है।

# गोथुआ जागीपुर को बिजनेस हब बनाने का संकल्प : आशीष तिवारी

## उपमुख्यमंत्री से मिलकर 8 व 9 नवम्बर को रोजगार आयोजित मेले में आने का दिया निमंत्रण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। लम्भुआ विधानसभा के गोथुआ जागीपुर में आगामी 8 व 9 नवम्बर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले की तैयारियां जोरो पर है। सेवार्थम फाउंडेशन की तरफ से आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेले में एक दर्जन से अधिक मल्टी नेशनल कम्पनिया भाग लेगी। इस रोजगार मेले में 1000 युवाओ को रोजगार दिलाने का संकल्प लेकर चलने वाले फाउंडेशन के संस्थापक डॉ आशीष तिवारी ने आज प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री संजय निषाद से लखनऊ में मुलाक़ात कर कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। समाजसेवी डॉ आशीष तिवारी ने बताया की जन्मभूमि कोई उन्होंने व्यवसायिक हब बनाने का संकल्प लिया है।

# जीएसटी कम होने से धनतेरस पर जमकर हुई ख़्रीददारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। धनतेरस के अवसर पर लगभग 275 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। इस वर्ष धनतेरस शनिवार को पड़ने के कारण भी बाजार पर इसका असर देखा गया। अनुमानित 275 करोड़ रुपये के कुल व्यापार में से, लगभग 100 करोड़ रुपये की बिक्री अकेले वाहन क्षेत्र में हुई, जिसमें हीरो और होंडा की गाड़ियों की खरीद अधिक रही। इलेक्ट्रॉनिक सामानों का व्यापार लगभग 50 करोड़ रुपये, मिठाई का व्यापार 50 करोड़ रुपये और पूजन सामग्री व अन्य वस्तुओं का व्यापार भी लगभग 50 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। इलेक्ट्रॉनिक सामानों में एलईडी टीवी ग्राहकों की पहली पसंद बनी। इसके अतिरिक्त, डबल डोर फ्रिज और ऑफ-सीजन एसी की खरीदारी में भी वृद्धि दर्ज की गई। जानकारों के अनुसार, जीएसटी दरों में कमी आने से खरीदारी का दायरा बढ़ा है। हालांकि, शनिवार का दिन होने के कारण कुछ वस्तुओं जैसे बर्तन, लोहे का सामान, स्टील के उत्पाद, झाड़ू, सरसों का तेल और काला तिल आदि की खरीद कम रही। कुछ लोग शनिवार को इन वस्तुओं की खरीदारी से बचते हैं, जिससे बाजार में कुछ सामानों की बिक्री प्रभावित हुई। व्यापारियों ने बताया कि सरकार द्वारा टैक्स में कमी किए जाने से पूरे देश में बाजार में तेजी आई है। उन्होंने स्वीकार किया कि शनिवार का असर बाजार पर दिखाई दिया। बर्तन व्यवसायी जीतेश ने बाजार को धीमा बताया और महंगाई तथा शनिवार को इसका कारण बताया। उन्होंने कहा कि जीएसटी कम होने का असर बाजार में नहीं दिख रहा है। इसके विपरीत, मूर्ति विक्रेता दिख रहा है। इसके विपरीत, मूर्ति विक्रेता ऊषा गुप्ता ने पिछले साल की तुलना में इस साल बिक्री बेहतर बताई, जबकि मोबाइल दुकानदार मनीष केसरवानी ने पिछले साल के मुकाबले अच्छी ग्रोथ की बात कही, लेकिन उम्मीद से कम रहने का जिक्र किया।

## सम्पादकीय

# प्रदूषण की जवाबदेही

दिवाली मनाने के उत्साही लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर में कुछ शर्तों के साथ ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दे दी है। इसके बावजूद स्वच्छ हवा बनाए रखने व प्रदूषण नियंत्रण के लिए हमारे संयम व जिम्मेदार व्यवहार की जरूरत होगी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि हमारी राष्ट्रीय राजधानी दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में शुमार है। दुनिया के बीस शीर्ष प्रदूषित शहरों में करीब आधे भारत में हैं। पर्व, आस्था व विश्वास अपनी जगह हैं, लेकिन प्राणवायु का स्वच्छ रहना लाखों लोगों के जीवन का प्रश्न भी है। यही वजह है कि दिल्ली-एनसीआर में कुछ शर्तों के साथ दीपावली पर ग्रीन पटाखों की अनुमति देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की नसीहत दी है, जिससे हमारी आस्था का सम्मान हो सके और पर्यावरण की रक्षा भी हो। निस्संदेह, कोर्ट के फैसले से वे लोग उत्साहित होंगे, जो ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति चाहते थे। लेकिन इसका एक पक्ष यह भी है कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग इससे निराश हो सकते हैं। पर्यावरण प्रेमियों की चिंता वाजिब है। अक्सर देखा जाता है कि ग्रीन पटाखे जलाने वालों पर नियामक एजेंसियां निगरानी नहीं रख पाती हैं। चिंता की बात यह भी है कि ग्रीन पटाखों के नाम पर घातक पटाखे भी जलाए जा सकते हैं। विगत के अनुभव बताते हैं कि अदालती रोक के बावजूद त्योहार पर जमकर आतिशबाजी हुई थी। दरअसल, कुछ लोगों की दलील थी कि पर्व विशेष पर ही प्रदूषण के नाम पर रोक लगाई जाती है, जिससे त्योहार का रंग फीका हो जाता है। कुछ लोगों ने इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न भी बना लिया। लेकिन सवाल यह है कि यह कैसे सुनिश्चित हो पाएगा कि ग्रीन पटाखों की आड़ में घातक पटाखे नहीं बेचे जा सकें। हमारी निगरानी करने वाली एजेंसियों व विभागों की कारगुजारियों पर अक्सर सवालिया निशान लगाए जाते हैं। वैसे एक हकीकत यह भी है कि हर गली-मोहल्ले की दुकानों में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों की निगरानी कर पाना व्यावहारिक भी नहीं है। इस बात को लेकर अक्सर बहस होती रही है कि परंपरागत रूप से दिवाली में पटाखों की अनिवार्यता नहीं रही है। निस्संदेह, दीप पर्व उजाले का उत्सव है, ताकि धरा पर कहीं अंधेरा न रह जाए, गरीब की झोपड़ी भी रोशन हो, समृद्धि हर घर तक पहुंचे। सही मायनों में पर्व सामूहिकता की भावना पर केंद्रित होते हैं। ऐसे में यदि हम घातक पटाखे जलाकर श्वास रोगों से पीड़ित मरीजों से लेकर आम आदमी को मुश्किल में डाल दें, तो यह पर्व का मर्म नहीं कहा जा सकता। वैसे ग्रीन पटाखों के बारे में भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि उनके उत्पादन के दौरान निर्धारित मानकों का पालन किया गया हो। पटाखे जिस गुणवत्ता से बनते और बिकते हैं, कहना मुश्किल ही है कि वे वास्तव में पर्यावरण के अनुकूल होंगे। वैसे यह भी हकीकत है कि दिल्ली में हर साल ठंड की दस्तक के साथ बढ़ने वाले घातक प्रदूषण के लिए सिर्फ पटाखे ही जिम्मेदार नहीं होते। मौसम की प्रतिकूलता तथा जनसंख्या के बढ़ते घनत्व के कारण महानगरों में बहुमंजिला इमारतों के विस्तार से भी हवा का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है, जिसके चलते प्रदूषण की परत दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी और निकटवर्ती शहरों के ऊपर छाई रहती है। निस्संदेह, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों को भी पटाखों के सीमित व संयमित उपयोग के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली व एनसीआर में ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति देने के फैसले के आलोक में कहा जा सकता है कि शेष देश में भी प्रदूषण रोकने के लिए गंभीर पहल की जानी चाहिए। देश के कई अन्य बड़े शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में दर्ज हैं। वहीं दूसरी ओर केवल सर्दियों में ही प्रदूषण नियंत्रण की पहल नहीं की जानी चाहिए। यह साल भर निरंतर चलने वाली प्रक्रिया बननी चाहिए।

# आत्म परिष्कार का पर्व है दीपावली

देशभर में दीप पर्व मनाया जा रहा है। भारत के सभी प्रान्तों में यह पर्व आनंद और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दुनिया भर में बसे और काम करने गए भारतवंशी अपने-अपने तरीके से दीपावली मना रहे हैं। अयोध्या का तो आनंदातिरेक ही अलग है। यहां त्रेतायुग की तरह दीपावली मनाई जा रही है। नौ वर्षों से अयोध्या में भव्य और दिव्य दीपोत्सव मनाया जा रहा है। साल-दर- साल वहां दीप प्रज्ज्वलन के पुराने रिकॉर्ड टूट रहे हैं। नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। देश-दुनिया के लोग इस विहंगम दृश्य को देखने के लिए आते हैं और सरकार के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी करते है। जो नहीं आ पाते, वे अपने कंप्यूटर, लैपटॉप, टेलीविजन और मोबाइल पर इस अद्भुत दृश्य के साक्षी बनते हैं। किसी पर्व को लोकरंजन, नवोन्मेष और अर्थोत्पादन का हेतु कैसे बनाया जा सकता है, दीपावली समूह के त्योहार इसकी विशद व्याख्या करते हैं। दीपावली पर्व के प्रथम चरण धनतेरस पर अरबों-खरबों रुपए का कारोबार हर साल होता है। इस साल भी हुआ है। छोटी दिवाली पर अयोध्या में तकरीबन 29 लाख दीपकों का जलना कुंभकारों की अर्थव्यवस्था को संजीवनी दे गया है। लक्ष्मी, गणेश और कुबेर की मूर्तियां बनाने वाले मूर्तिकार भी प्रमुखता से लाभान्वित हुए हैं। मतलब देश के धन का देश में ही पर्याप्त विनिमय हो रहा है। यह एक तरह से स्वदेशी का शंखनाद ही है। वैसे तो यह परम्परा आदिकाल से चली आ रही है, लेकिन तब इसमें आज की तरह का नवोन्मेष भले न रहा हो लेकिन उसमें सहजता और वैज्ञानिकता दोनों थी। तब दीपक जलाने की व्यवस्था राजा को नहीं करनी पड़ती थी। वह केवल इस अवसर पर 7 या 9 दिन के मेलों का आयोजन करता था,जिसमें प्रजा जन न केवल भाग लेते थे, अपितु स्वस्थ मनोरंजन भी प्राप्त करते थे। पहलवानों, कलाकारों पर दांव लगाकर एक तरह से उन्हें प्रोत्साहित भी करते थे। दीपावली उनके उत्साह और उमंग का हेतु तो थी लेकिन आज की तरह का दिखावा बिल्कुल नहीं थी। उसमें सर्वजन की खुशी निहित थी। जिस तरह दीपक सबके लिए जलता है, उसी तरह व्यक्ति को अपने साथ ही सबकी जिंदगी में रोशनी बिखेरने की कोशिश करनी चाहिए। भारत में दिवाली मनाने का कोई एक ठोस कारण नहीं है। अलग-अलग ग्रंथों में अलग-अलग कारण बताए गए हैं। अधिकांश में दीपमालिका पर्व के तत्वदर्शन की लगभग सुस्पष्ट व्याख्या है। बस उसे समझने और उस पर मनन करने की जरूरत है। रावण वध के उपरांत भगवान राम की अयोध्या वापसी के उपरांत उनके स्वागत में घर-घर, गली, चौराहों और रास्तों पर दीप जलाने का जो सिलसिला तब शरू हुआ, वह आज तक चला आ रहा है। मौजूदा दीपावली और उसके उल्लास को कमोबेश इसी रूप में देखा जा सकता है। भगवान श्रीकृष्ण ने कार्तिक माह की कृष्ण चतुर्दशी को भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर उसके चंगुल से 16 हजार राजकुमारियों का उद्धार किया था। कृतज्ञता ज्ञापन स्वरूप दीपावली के दिन आरती-वंदन कर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया था। तब से यह परंपरा चली आ रही है। महाभारत में इस बात का उल्लेख मिलता है कि 12 वर्ष के वनवास और एक साल के अज्ञातवास के बाद अपने राज्य में लौटे पांडवों का दीपमालिका सजाकर अभिनंदन किया गया था। स्कन्द पुराण,भविष्य पुराण और पद्म पुराण में दीपावली को लेकर अलग-अलग मान्यताएं हैं। अलग-अलग आख्यान है लेकिन उन सबमें दीपदान और लक्ष्मी पूजन सर्वांगसम है। महाराज पृथु ने पृथ्वी का दोहन कर अन्न-धन प्राप्ति के साधनों का नवीनीकरण किया था और इस बहाने देश की दरिद्रता दूर की थी। इस सफलता के उपलक्ष्य में देश में दीपावली का प्रादुर्भाव हुआ था। सनत्कुमार संहिता में दीपावली पर्व को वामन अवतार और राजा बलि के कब्जे से देवी लक्ष्मी और देवताओं को छुड़ाने और धरती को श्रीसम्पन्न बनाने से जोड़ा गया है। दैत्यराज बलि द्वारा भारी कराधान आदि से लूटे गए धन को संसार में विभक्त कर दिया था। इस लिहाज से देखा जाए तो यह उस दौर की सबसे बड़ी आर्थिक क्रांति थी। जैन धर्म के ग्रंथ कल्पसूत्र में लिखा है कि आज

दीपावली पर्व के प्रथम चरण धनतेरस पर अरबों-खरबों रुपए का कारोबार हर साल होता है। इस साल भी हुआ है। छोटी दिवाली पर अयोध्या में तकरीबन 29 लाख दीपकों का जलना कुंभकारों की अर्थव्यवस्था को संजीवनी दे गया है। लक्ष्मी, गणेश और कुबेर की मूर्तियां बनाने वाले मूर्तिकार भी प्रमुखता से लाभान्वित हुए हैं। मतलब देश के धन का देश में ही पर्याप्त विनिमय हो रहा है। यह एक तरह से स्वदेशी का शंखनाद ही है। वैसे तो यह परम्परा आदिकाल से चली आ रही है, लेकिन तब इसमें आज की तरह का नवोन्मेष भले न रहा हो लेकिन उसमें सहजता और वैज्ञानिकता दोनों थी। तब दीपक जलाने की व्यवस्था राजा को नहीं करनी पड़ती थी। वह केवल इस अवसर पर 7 या 9 दिन के मेलों का आयोजन करता था,जिसमें प्रजा जन न केवल भाग लेते थे, अपितु स्वस्थ मनोरंजन भी प्राप्त करते थे। पहलवानों, कलाकारों पर दांव लगाकर एक तरह से उन्हें प्रोत्साहित भी करते थे। दीपावली उनके उत्साह और उमंग का हेतु तो थी लेकिन आज की तरह का दिखावा बिल्कुल नहीं थी। उसमें सर्वजन की खुशी निहित थी। जिस तरह दीपक सबके लिए जलता है, उसी तरह व्यक्ति को अपने साथ ही सबकी जिंदगी में रोशनी बिखेरने की कोशिश करनी चाहिए। भारत में दिवाली मनाने का कोई एक ठोस कारण नहीं है। अलग-अलग ग्रंथों में अलग-अलग कारण बताए गए हैं। अधिकांश में दीपमालिका पर्व के तत्वदर्शन की लगभग सुस्पष्ट व्याख्या है। बस उसे समझने और उस पर मनन करने की जरूरत है।



ही के दिन भगवान महावीर ने अपना शरीर छोड़ा था। तब देश-देशांतर से आए उनके शिष्यों ने निश्चय किया था कि ज्ञान सूर्य तो अस्त हो गया, अब दीपों का प्रकाश कर हमें यह दिन मनाना चाहिए। बौद्ध धर्म में भगवान बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के उपरांत कार्तिक अमावस्या को ही कपिलवस्तु लौटे थे। महर्षि कात्यायन ने अपने ग्रंथ काम सूत्र में तत्कालीन माहिमान्य उत्सव दीपावली को यक्षरात्रि के रूप में निरूपित किया है। सातवी सदी में हर्षवर्धन ने अपने नाटक नागानंद में दीपप्रतिपदुत्सव कहा है। उस दौर के ग्रंथ नील मत पुराण में कार्तिक अमायां दीप वर्णनम नामक एक अध्याय मिलता है। पुराणों में दीपावली को महानिशा कहा गया है। तांत्रिकों,मांतरिकों और यांत्रिकों के लिए यह महापर्व है। यह महालक्ष्मी के आठो स्वरूपों के पूजन का पर्व तो है ही, साधना, उपासना, जागरण और जाप्य मंत्र की सिद्धि का भी पर्व है। दीपक आत्मा का प्रतीक है। सातवी सदी में हर्षवर्धन ने अपने नाटक नागानंद में दीपप्रतिपदुत्सव कहा है। उस दौर के ग्रंथ नील मत पुराण में कार्तिक अमायां दीप वर्णनम नामक एक अध्याय मिलता है। पुराणों में दीपावली को महानिशा कहा गया है। तांत्रिकों,मांतरिकों और यांत्रिकों के लिए यह महापर्व है। यह महालक्ष्मी के आठों स्वरूपों के पूजन का पर्व तो है ही, साधना, उपासना, जागरण और जाप्य मंत्र की सिद्धि का भी पर्व है। दीपक आत्मा का प्रतीक है। भगवान बुद्ध ने भी यही निर्देश दिया है कि अप्प दीपो भव। अपना दीपक खुद बनो। दीपक प्रकाश का प्रतीक है। ज्ञान का प्रतीक है। साधना और पुरुषार्थ का प्रतीक है। महाराज मनु के दौर से ही कार्तिक भर अपने घरों के साथ ही, नदियों, तालाबों, कुंओं, धर्मशालाओं, बागों व सार्वजनिक स्थलों पर रात में दीपक जलाने की परंपरा रही है। इसकी वजह यह है कि वर्षा ऋतु में विषैले जीव जंतु निकल आते हैं। दिन के उजाले में तो उन्हें देखा जा सकता है, लेकिन रात्रि के अंधेरे में वे जीवन पर भारी न पड़ें, इसलिए समशीतोष्ण माह कार्तिक में दीपदान की व्यवस्था पूर्वजों ने की थी। कार्तिक के बाद जब शीत ऋतु आती है तो विषैले जीव-जंतु स्वतः अपने विवरों में चले जाते हैं। दीपपुंज के प्रकाश और उष्णता से वर्षाजन्य रोग पैदा करने वाले कीटाणुओं का विनाश होता है। तेल का सुगंधियुक्त धुंआ वातावरण में फैलकर नस्य प्रणाली द्वारा मस्तिष्क तक पहुंचता और शारीरिक रोगों से निजात दिलाता है। दीपावली व्यक्ति,समाज और राष्ट्र के सौंदर्य बोध का अभिव्यक्ति पर्व है। इस समय तक किसानों की फसल कट कर घरों और बाजार में आ जाती है, इस लिहाज से देखें तो यह जन-मन की प्रसन्नता और उल्लास का पर्व है। भारत में दीपावली युगों-युगों से मनाई जा रही है लेकिन उसका शालीनता से मनाया जाना ही श्रेयस्कर है। यह खाता-बही ठीक करने का अवसर तो है ही, शक्ति संचय और जीवन की दिशा के सुधार-परिष्कार का भी पर्व है। यह बाह्य और आंतरिक निर्मलता का पर्व है। केमिकलयुक्त तेल के धुएं और पटाखों की बारूदी गंध फैलाने की हाहाकारी प्रतिस्पर्धा से बचने का भी पर्व है। इसलिए हमें दीप ज्योति के स्वरूप को जानने और अपने भीतर-बाहर के अज्ञान अंधकार को मिटाने और सत्प्रवृत्तियों के संवर्द्धन के प्रकाश को प्रकट करने की जरूरत है। यही देश में युगों-युगों से जलाई जा रही दिवाली का दिव्य संदेश भी है। -सियाराम पांडेय 'शांत'

# दीपावली पवित्र उजाले का महोत्सव

**संजीव ठाकुर**

धनं धर्मेण गम्यते धन धर्म से प्राप्त हो और धर्म के लिए ही प्रयुक्त हो। यही सनातन सूत्र दीपावली और धनतेरस के मूल में विद्यमान है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा में प्रत्येक पर्व केवल उत्सव नहीं होता, वह मनुष्य, ईश्वर, समाज और आत्मा के बीच एक पवित्र संवाद होता है। दीपावली और धनतेरस भी ऐसे ही दिव्य संवाद की प्रेरणा हैं, जो हमें स्मरण कराते हैं कि प्रकाश केवल बाहर नहीं, भीतर भी जलना चाहिए। यह पर्व मानव-चेतना, श्रम, विश्वास और अध्यात्म का अद्भुत संगम है।धनतेरस दीपावली का प्रथम द्वार है। यह कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी की संध्या को आता है जब आकाश में चाँद छोटा होता है, पर धरती पर दीपक बड़ी आशा से जलते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, इसी दिन समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि अमृतकलश सहित प्रकट हुए थे कृ जिन्होंने मानवता को स्वास्थ्य और आरोग्य का अमूल्य वरदान दिया। अतः यह दिन केवल धन का नहीं, बल्कि धन्य होने का प्रतीक है। सच्चा धन वही है जो शरीर और समाज दोनों को स्वस्थ रखे। इसी दिन से माँ लक्ष्मी के आवाहन का आरंभ होता है। लोग सोना, चाँदी, बर्तन या नए साधन खरीदते हैं। यह केवल भौतिक लेन-देन नहीं, बल्कि एक प्रतीकात्मक संकल्प होता है कि समृद्धि सदाचार और श्रम के मार्ग से अर्जित हो। धनतेरस का संदेश स्पष्ट है, धन का उपयोग धर्म के लिए हो, धर्म का उपयोग धन के लिए नहीं। यही सनातन संतुलन जीवन का आधार है।फिर आता है दीपों का पर्व कृ दीपावली, जब अमावस्या की रात पूर्ण अंधकार में लिपटी होती है और एक छोटा-सा दीप मिट्टी की लौ में ब्रह्म का प्रतीक बन जाता है। अंधकार कितना भी गहरा क्यों न हो, एक लौ पर्याप्त है उसे मिटाने के लिए। पौराणिक दृष्टि से यह दिन भगवान श्रीराम की अयोध्या-वापसी का स्मरण है चौदह वर्ष के वनवास और रावण-वध के पश्चात जब श्रीराम अयोध्या लौटे, तो नगर लाखों दीपों से आलोकित हो उठा।यह केवल श्रीराम के आगमन का नहीं, बल्कि धर्म, मर्यादा और न्याय की विजय का उत्सव था। इस दिन समुद्र मंथन से प्रकट माँ लक्ष्मी का पूजन भी होता है। वे बताती हैं कि जहाँ श्रम, सत्य और पवित्रता है वहीं स्थायी समृद्धि का वास होता है। धार्मिक दृष्टि से दीपावली अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की यात्रा है। उपनिषदों का यह सूत्र ललतमसो मा ज्योतिर्गमयङ्क इस पर्व की आत्मा है। पर यह केवल वैदिक वाक्य नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शन है। जब मनुष्य अपने भीतर के तमस लोभ, क्रोध, अहंकार और ईर्ष्या को दूर करता है, तब उसका जीवन वास्तव में प्रकाशित होता है। सामाजिक दृष्टि से दीपावली सह-अस्तित्व और साझी प्रसन्नता का प्रतीक है। प्रकाश तभी फैलता है जब प्रत्येक घर का दीप समान रूप से जले। दीपावली का दीप सामूहिकता और समता का प्रतीक है, छोटे घर का दीप भी उसी आकाश में चमकता है, जिसमें महलों का दीप। यह पर्व सिखाता है कि समाज का उजाला किसी एक दीप से नहीं, सभी दीपों के मिलन से बनता है। धनतेरस और दीपावली दोनों ही स्वच्छता और संयम के पर्व हैं। घर की सफाई केवल धूल हटाने की क्रिया नहीं, बल्कि मन के कलुष को दूर करने का प्रतीक है। इस काल में लोग घर, वस्त्र और मन कृ तीनों को पवित्र करते हैं, क्योंकि माना गया है कि लक्ष्मी वहीं आती हैं जहाँ शुद्धता, श्रम और प्रसन्नता हो। व्यापारी वर्ग इस दिन बहीखातों की पूजा करता है। यह भावना प्रकट करती है कि धन-लाभ केवल व्यापार का उद्देश्य नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का साधन भी होना चाहिए।समाज का संतुलन तभी संभव है जब धन का प्रवाह धर्म से नियंत्रित हो और धर्म विवेक से प्रेरित। दीपावली का प्रकाश केवल लौ नहीं, एक संदेश है। आत्मा के जागरण का, मनुष्य की श्रेष्ठता का, और अंधकार पर उसकी विजय का। धनतेरस हमें आरोग्य देता है, दीपावली हमें आलोक देती है, और दोनों मिलकर सिखाते हैं कि समृद्धि तभी पूर्ण है जब वह शांति, स्वास्थ्य और संतुलन से जुड़ी सनातन धर्म की विशेषता यही है कि वह जीवन के प्रत्येक पक्ष को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की चारधारा से जोड़ता है। धनतेरस अर्थ का सत्व है, दीपावली मोक्ष की दिशा।दोनों मिलकर हमें बताते हैं कि जीवन की पूर्णता बाहरी संपन्नता से नहीं, आंतरिक पवित्रता से आती है। दीपावली का अर्थ केवल घर में दीप जलाना नहीं बल्कि मन में विनम्रता, कर्म में सजगता, और व्यवहार में सत्यता का दीप जलाना है।

## सेहत मंत्र

# बिना डाइटिंग के वजन घटाना चाहते हैं, तो रोज खाएं शकरकंद

शकरकंद को सात्विक आहार माना जाता है। व्रती उपवास के दिनों में फलाहार में शकरकंद का सेवन करते हैं। ऐसा माना जाता है कि शकरकंद सबसे पहले अमेरिका में पाया गया था। खासकर कैरेबियाई देशों में कई प्रकार के शकरकंद पाए जाते हैं। जबकि भारत के उत्तर प्रदेश और बिहार में इसकी खेती सबसे अधिक की जाती है। शकरकंद में आलू की तुलना में अधिक स्टार्च पाया जाता है। जबकि इसमें विटामिन्स और मिनरल्स भी पाए जाते हैं जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। खासकर बढ़ते वजन को कम करने में शकरकंद कारगर भोजन है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि डायटिंग करने वाले लोगों को वजन घटाने के लिए शकरकंद का सेवन करना चाहिए। अगर आप भी बढ़ते वजन से परेशान हैं और इससे निजात पाना चाहते हैं, तो आप अपनी डाइट में शकरकंद शामिल कर सकते हैं। वजन घटाने के लिए शकरकंद सुपरफूड है। खासकर स.फ़ेद शकरकंद के सेवन से अधिक फायदा मिलता है। ब्रा.ज़ील, जापान और ताइवान में इसे दवा की तरह इस्तेमाल किया जाता है। इसमें कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो वजन घटाने में सहायक होते हैं। इसमें फाइबर अधिक होता है। इसके सेवन से हर समय पेट भरा महसूस होता है, जिससे बार-बार खाने की आदत से छुटकारा मिलता है। शकरकंद में गुड कार्ब्स पाए जाते हैं जो सेहत के लिए फ़ायदेमंद होते हैं। शकरकंद में ग्लाइसेमिक इंडेक्स स्कोर भी कम होता है। ग्लाइसेमिक इंडेक्स मापने की वह प्रक्रिया है, जिससे यह पता चलता है कि कार्बोहाइड्रेट से कितने समय में ग्लूको.ज़ बनता है। इससे कम कैलोरीज गेन होती है। जबकि शकरकंद में पानी अधिक मात्रा में पाया जाता है। इससे शरीर हायड्रेट रहता है। आप इसे उबालकर अथवा पकाकर सेवन कर सकते हैं। स्टोरी के टिप्स और सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन्हें किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफ़ेशनल की सलाह के तौर पर नहीं लें। बीमारी या संक्रमण के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## धर्म मंत्र

# शक्ति और भय मुक्ति के लिए मंगलवार को करें हनुमान जी की पूजा

मंगलवार का दिन भगवान हनुमान जी का दिन माना जाता है। इस दिन भगवान हनुमान की पूजा और 'ऊं श्री हनुमते नमः' का जाप करने से लाभ होता है। इस मंत्र का जाप करने से आपके भीतर शक्ति का संचार होता है, और मनवांडित फल की प्रापित होती है। हनुमान परमेश्वर की भक्ति के सबसे बड़े स्वरूप और महाकाव्य रामायण में सबसे महत्वपूर्ण चरित्र हैं। कुछ प्राचीन मान्यताओं के अनुसार वे भगवान शिव के 11वें रुद्रावतार हैं। हनुमान सबसे बलवान और बुद्धिमान माने जाते हैं। रामायण के अनुसार वे परम रामभक्त हैं और इसी कारण जानकी माता के अत्यधिक प्रिय हैं। पृथ्वी पर जिन सात देवरूपों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें से बजरंगबली भी एक हैं। हनुमानजी का अवतार है, जिसका अवतरण भगवान राम की सहायता के लिये हुआ। हनुमानजी के पराक्रम की असंख्य गाथाएं प्रचलित हैं, कि इन्होंने किस तरह राम और सुग्रीव की मैत्री कराई, फिर वानरों की मदद से राक्षसों का मर्दन किया। कहते हैं कि पवनपुत्र आज भी पृथ्वी पर विचरण करते हैं और उनके होने के प्रमाण श्री लंका और भारत में कई स्थान पर दिए जाते हैं। ज्योतिषियों की सटीक गणना के अनुसार हनुमान जी का जन्म 1 करोड़ 85 लाख 58 हजार 112 वर्ष पहले चैत्र पूर्णिमा को मंगलवार के दिन चित्रा नक्षत्र व मेष लग्न के योग में सुबह 6.03 बजे भारत देश में हुआ था। उनका जनमस्थान वर्तमान झारखंड राज्य के गुमला जिले के आंजन नाम के छोटे से पहाड़ी गांव की एक गुफा में हुआ बताया जाता है। ये नाम नकी माता अंजनि से जुड़ा हुआ है। इन्हें बजरंगबली के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि इनका शरीर एक वज्र की तरह था। वे पवन-पुत्र या मारुति नंदन भी कहलाते हैं क?योंकि वायु, मारुत और पवन देव ने उनके जन?म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## पर्यटन



# कोलकाता आये हैं तो इन जगहों पर जरूर जाएं, मन प्रसन्न हो जायेगा

कोलकाता एक ऐतिहासिक शहर है... जहां का हर रंग निराला है। शहर की ट्रॉम सवारी से लेकर हुगली नदी की नाव की सवारी तक, कोलकाता में ऐसी कई जगह हैं जहां जाकर ऐसा लगता है कि ये शहर सचमुच अद्भुत हैं। कहते हैं इस शहर में बहुत कुछ है देखने व घूमने-फिरने के लिए लेकिन आज हम आपको उन चार जगहों के बारे के बताएंगे जो कोलकाता की शान हैं। विक्टोरिया मेमोरियलः कोलकाता की पहचान है विक्टोरिया मेमोरियल, यह कोलकाता के सबसे लोकप्रिय दर्शनीय स्थलों में सबसे महत्वपूर्ण है। भारी संख्या में देश-विदेश से लोग आते हैं विक्टोरिया मेमोरियल को देखने के लिए। ये मेमोरियल महारानी विक्टोरिया की याद में सन 1901 में वायसराय लॉर्ड कर्जन ने बनवाया था। इस मेमोरियल को बनवाने में उस समय 20 साल का टाइम लगा था। ये मेमोरियल 1901 में बनना शुरू हुआ था और 1921 में बन कर समाप्त हुआ था। यह इमारत ब्रिटिश शासनकाल की भारत में एक अमूल्य धरोहर है। यह इमारत स.फ़ेद संगमरमर से तैयार आगरा का ताजमहल और लंदन के सेंट पॉल कैथेड्रल की शिल्पकला को समेटे हुए है। इस इमारत में भिन्न भिन्न प्रकार के 25 कक्ष बने हैं जिनमें महारानी विक्टोरिया से संबंधित लगभग 3500 वस्तुएं सैलानियों के दर्शन हेतु संग्रह करके रखी गई हैं। यह मेमोरियल सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है। सोमवार को यह संग्रहालय बंद रहता है। हावड़ा ब्रिजः हावड़ा ब्रिज गेटवे ऑफ कोलकाता के नाम से भी मशहूर है। इस ब्रिज को नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्र नाथ टैगोर के नाम पर रवींद्र सेतु भी कहा जाता है। देश-विदेश के पर्यटकों के अलावा यह सत्यजित रे से लेकर रिचर्ड एटनबरो और मणिरत्नम जैसे फिल्मकारों को भी लुभाता रहा है। हावड़ा पुल यह नाम दुनिया भर में प्रसिद्ध है। हावड़ा ब्रिज हावड़ा और कोलकाता को जोड़ता है। यह ब्रिज ऐतिहासिक है। यह पूरा पुल पूरी तरह से लोहे से बनाया गया है जिसमें 2590 टन बढ़िया क्वालिटि का लोहा लगा हुआ है।

# पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 7 विकेट से हराया, सीरीज में 1-0 से ली बढ़त

एजेंसी

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में खेले गए पहले वनडे मैच में भारतीय टीम को सात विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच अगला मैच 23 अक्टूबर को एडिलेड में खेला जाएगा। मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने बल्लेबाजी की और वर्षा से बाधित मैच में 26 ओवर में नौ विकेट पर 136 रन बनाए। बारिश के कारण मैच कई बार रोकना पड़ा, जिसके कारण ओवरों में कटौती की गई और मुकाबला 26 ओवर का कराया गया। भारत की पारी के बाद मेजबान टीम को डकवर्थ लुइस नियम के तहत जीत के लिए 26 ओवर में 131 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 21.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाते हुए लक्ष्य को हासिल कर लिया। भारत के खिलाफ 131 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड आठ रन बनाकर आउट हुए। हेड को अर्शदीप सिंह ने पवेलियन भेजा। इसके बाद अक्षर पटेल ने मैथ्यू शॉर्ट को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका दिया है। मैथ्यू भी आठ रन बनाकर आउट हुए। दो विकेट गिरने के बाद कप्तान मिचेल मार्श और जोश फिलिप ने 50 रन से ज्यादा की साझेदारी कर टीम को जीत के करीब ले गए। टीम जीत की ओर बढ़ रही थी, इसी बीच 99 के कुल स्कोर फिलिप 29 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हो गए। आखिर में कप्तान मार्श ने 52 गेंदों पर नाबाद 46 रन और मैट रैंशॉ ने नाबाद 21 रन बनाते हुए टीम को जीत दिला दी। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट लिया।



रोहित-कोहली ने किया निराशइससे पहले भारत की बल्लेबाजी खराब रही और टीम ने पावरप्ले में ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान शुभमन गिल के विकेट गंवा दिए। रोहित और कोहली, दोनों खिलाड़ी 223 दिनों के बाद मैच खेलने उतरे थे। दोनों ने अंतिम बार 9 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। आज जब बल्लेबाजी के लिए तो दोनों ही बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर सके। रोहित ने 8 रन बनाए, जबकि कोहली खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद श्रेयस अय्यर भी 11 रन बनाकर आउट हो गए। अक्षर पटेल और केएल राहुल ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन बार-बार आ रही बारिश ने उनकी लय खराब कर दी। बारिश के कारण मैच 26 ओवर कराने का फैसला किया गया। राहुल ने तेजी से खेलना शुरू किया, जिससे भारत का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा। हालांकि, बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में राहुल आउट हो गए।

# सात्विक-चिराग को सेमीफाइनल में मिली हार

एजेंसी



ओडेंस (डेनमार्क)। भारतीय जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल वर्ग में सेमीफाइनल में जापान की ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को 68 मिनट तक चले मुकाबले में सात्विक-चिराग की जोड़ी जापान की ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जोड़ी से 23-21, 18-21, 21-16 से हार गई। 2021 के विश्व चैंपियन और 2019 के रजत पदक विजेता ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और पहले गेम में 11-6 की बढ़त बना ली। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने वापसी करते हुए स्कोर 20-20 से बराबर किया, लेकिन जापानी जोड़ी ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत की और बीच में चार अंकों की बढ़त बना ली। ताकुरो और कोबायाशी ने कोशिश की लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने यह गेम जीतकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में दोनों टीमों ने जोरदार मुकाबला किया। भारत ने एक समय चार लगातार अंक लेकर बढ़त बनाई थी, लेकिन जापानी जोड़ी ने वापसी करते हुए जीत अपने नाम की। यह भारतीय जोड़ी पर उनकी छह मुकाबलों में दूसरी जीत थी। यह भारतीय जोड़ी की इस सीजन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर छठी सेमीफाइनल हार थी। इससे पहले चीन, सिंगापुर, इंडिया और मलेशिया ओपन के साथ-साथ बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भी अंतिम चार में हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के साथ भारत का डेनमार्क ओपन 2025 अभियान समाप्त हो गया। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले महीने हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स में लगातार दो फाइनल तक का सफर तय किया था। सात्विक और चिराग ने आखिरी बार 2024 थाईलैंड ओपन में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीता था।

# साउथ अफ़्रीका के ख़िलाफ सीरीज से पहले रिजवान की वनडे कप्तानी पर संशय

एजेंसी

इस्लामाबाद। दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ आगामी सीरीज से पहले पीसीबी द्वारा जारी बयान करने के बाद मोहम्मद रिजवान की पाकिस्तान की वनडे कप्तानी पर संशय की स्थिति पनप गई है। पीसीबी ने अपने बयान में कहा है कि आगामी सीरीज के लिए कप्तान को लेकर निर्णय लेना बाक़ी है। पीसीबी ने कहा था कि सफ़ेद गेंद प्रारूप के कोच माइक हेसन ने वनडे कप्तानी पर अंतिम निर्णय लेने के लिए चयन समिति की बैठक बुलाई है।

बयान में रिजवान का कोई ज़िक्र नहीं था जिन्हें पिछले साल वनडे कप्तान नियुक्त किया गया था और उनकी कप्तानी में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया, ज़िम्बाब्वे और दक्षिण अफ़्रीका में वनडे सीरीज में जीत हासिल की थी। हालांकि 2025 में परिणाम उतने अच्छे नहीं रहे। घर पर त्रिकोणीय सीरीज के फ़ाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों हार मिलने के साथ ही पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती दौर से ही बाहर हो गया। इसके अलावा पाकिस्तान को घर के बाहर सीरीज में वेस्टइंडीज के हाथों भी हार मिली। रिजवान के भविष्य को लेकर जारी तमाम अटकलों के बीच उनकी कप्तानी पर मंडरा रहे संशय के बादलों को लेकर कोई क्रिकेटिंग कारण नहीं दिया गया। उनकी बल्लेबाजी या कीपिंग फ़ॉर्म में गिरावट नहीं आई है, वह इस साल वनडे में पाकिस्तान के लिए दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस साल 36 से अधिक की औसत के साथ 361 रन बनाए हैं। इस समय जारी दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में उन्होंने सलमान आग़ा के साथ 163 रनों की साझेदारी में 75 रन बनाए जिसके चलते पाकिस्तान को 1-0 की बढ़त लेने में मदद मिली। हालांकि रिजवान को अभी तक आधिकारिक तौर पर हटाया नहीं गया है, लेकिन इस बयान से यह लगभग तय हो गया है। मोहसिन नकवी के पीसीबी अध्यक्ष बनने के कुछ ही समय बाद शाहीन शाह अफरीदी का भी टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में यही हश्र हुआ था। उस समय, नवनियुक्त अफरीदी ने सिर्फ़ एक सीरीज में कप्तानी की थी, लेकिन जब एक प्रेस कॉन्फ़्रेंस में उनके बारे में पूछा गया, तो नकवी ने साफ तौर पर इस बात की पुष्टि करने से इनकार कर दिया कि वह इस पद पर बने रहेंगे। नक़वी ने उस समय कहा था, ''मुझे भी नहीं पता कि कप्तान कौन होगा।

# तेलुगु टाइटंस नौ साल बाद प्लेऑफ में, कोच कृष्ण कुमार हूडा बोले- टीम अब दिखेगी और भी आक्रामक

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में तेलुगु टाइटंस ने नौ साल बाद प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। शनिवार रात त्यागराज इंडोर स्टेडियम में पुनेरी पलटन को 40-31 से हराकर टीम ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। टीम की ओर से कप्तान विजय मलिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर 10 हासिल किया। गौरतलब है कि 2016 में खेले गए पीकेएल सीजन 4 के बाद यह पहला मौका है, जब तेलुगु टाइटंस प्लेऑफ में पहुंची है। यह कोच कृष्ण कुमार हूडा का टीम के साथ दूसरा सीजन है। इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए हूडा ने रविवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, ल्लयह जीत



हमारे लिए बहुत अहम थी। टीम कई सालों से प्लेऑफ में नहीं पहुंची थी। मैं खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और पूरी टीम का धन्यवाद करता हूं। खिलाड़ियों ने बहुत मेहनत की है और भले कुछ नतीजे हमारे हक में न रहे हों, लेकिन सभी ने शानदार खेल दिखाया है। कप्तान विजय मलिक ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा, ल्लयह टीम, कोच और प्रबंधन सभी की सामूहिक मेहनत का नतीजा है। प्लेऑफ में जगह बनाना आसान नहीं होता। मैं हमारे फैन्स का भी धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने पूरे सीजन हमारा साथ दिया। हम आने वाले मुकाबलों में इसी फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे। टीम में आए बदलावों पर बात करते हुए मलिक ने कहा, ल्लइस सीजन हमने अपने खेल में कई अहम बदलाव किए हैं। हमारी प्रैक्टिस और कोच की रणनीतियों में सुधार हुआ है, जिसका सीधा असर प्रदर्शन में दिख रहा है। हम इसी लय को बनाए रखना चाहेंगे। कोच हूडा ने टीम के पिछले सीजन से अब तक के बदलावों पर कहा, ल्लमैं टीम के साथ दो सीजन से हूं। पिछले कुछ सालों से टीम 12वें स्थान पर खत्म कर रही थी। पिछले सीजन में हम सिर्फ एक अंक से प्लेऑफ से चूक गए थे। इस बार हमने शुरुआत से बेहतर प्रदर्शन किया और अब शीर्ष चार टीमों में हैं। इसके लिए मैं अपनी फ्रेंचाइजी का आभारी हूं। प्लेऑफ की अहमियत पर बात करते हुए हूडा ने कहा, प्लेऑफ तक पहुंचना आसान नहीं होता, लेकिन असली चुनौती अब शुरू होती है। अब सभी मुकाबले 'करो या मरो' जैसे होंगे। इस स्टेज पर दूसरा मौका नहीं मिलता। उन्होंने आगे कहा, मैं फैन्स से बस इतना कहना चाहता हूं कि हम पूरा जोर लगा देंगे। मेहनत करेंगे और उन्हें शानदार कबड्डी दिखाएंगे। नतीजा भगवान के हाथ में है, लेकिन आने वाले मैचों में आप एक और भी आक्रामक तेलुगु टाइटंस टीम को देखेंगे।

# भारत की ऑनलाइन दिवाली बिक्री में गैर-महानगर शहरों का योगदान बढ़ा: रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। इस साल ऑनलाइन दिवाली खरीदारी में गैर-महानगर शहरों का योगदान सबसे ज्यादा रहा, जो कुल ई-कॉमर्स बिक्री मात्रा का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा रहा। इसमें भी तीसरी श्रेणी के शहरों का योगदान 50 प्रतिशत से अधिक रहा। लॉजिस्टिक मंच 'क्लिकपोस्ट' ने 4.25 करोड़ से अधिक ऑर्डर के उद्योग आंकड़ों का विश्लेषण करके यह जानकारी दी। इसके मुताबिक ये क्षेत्र अब त्योहारी ई-कॉमर्स को बढ़ाने वाले सबसे तेज और सबसे बड़े संचालक बन गए हैं। ऐसे में ऑर्डर की मात्रा और वृद्धि के लिहाज से गैर-महानगरों की भूमिका और मजबूत हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया, गैर-महानगर भारत का आकार हैरान करने वाला है। वर्ष 2025 में सभी ऑर्डर में 50.7 प्रतिशत अकेले तीसरी श्रेणी के शहरों से आए। दूसरी श्रेणी (24.8 प्रतिशत) और तीसरी श्रेणी के शहर भारत के कुल ऑर्डर (मात्रा के लिहाज से) का लगभग तीन-चौथाई (74.7 प्रतिशत) प्रतिनिधित्व करते हैं। इससे ई-कॉमर्स की वृद्धि में इनकी भूमिका की पुष्टि होती है। दुर्गा पूजा से त्योहारी मांग में और तेजी आई, जिसमें पूजा से पहले के सप्ताह में फैशन ऑर्डर में 14.3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और करवा चौथ पर कॉस्मेटिक खरीदारी फैशन खरीदारी से लगभग दोगुनी हो गई। भारत के लॉजिस्टिक नेटवर्क ने त्योहारी खेप के लिए 2.83 दिन का स्थिर औसत डिलिवरी समय बनाए रखा। इस दौरान हाइपरलोकल डिलिवरी की हिस्सेदारी सालाना 42 प्रतिशत बढ़कर सभी ऑर्डर का 8.7 प्रतिशत हो गई। तीसरी श्रेणी के शहरों में 'कैश ऑन डिलिवरी' पसंदीदा तरीका बना रहा, जहां 52 प्रतिशत ऑर्डर इसी तरह से आए, जबकि देश भर में उच्च-मूल्य वाले लेनदेन में पहले से भुगतान का बोलबाला रहा। औसत ऑर्डर मूल्य सालाना आधार पर 32.5 प्रतिशत बढ़ा (2024 के 3,281 रुपये से बढ़कर 2025 में 4,346 रुपये)।

# सितंबर तिमाही में वाहन निर्यात 26 प्रतिशत बढ़ा, दोपहिया की खेप में उल्लेखनीय इजाफा

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश से वाहनों का निर्यात सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़ा है। इस अवधि के दौरान यात्री, दोपहिया और तिपहिया वाहनों का अबतक का निर्यात का सबसे ऊंचा आंकड़ा दर्ज हुआ। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सोसायटी ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 23 प्रतिशत बढ़कर 2,41,554 इकाई हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 1,96,196 इकाई था। दूसरी तिमाही में यात्री कारों का निर्यात 20.5 प्रतिशत बढ़कर 1,25,513 इकाई हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 1,04,196 इकाई था। इसी प्रकार, जुलाई-सितंबर की अवधि में उपयोगिता



(यूटिलिटी) वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 1,13,374 इकाई हो गया। वैन का निर्यात भी सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़कर 2,667 इकाई हो गया। समीक्षाधीन अवधि में मारुति सुजुकी इंडिया 2,05,763 इकाइयों के निर्यात के साथ शीर्ष पर रही। इसके बाद हुंदै मोटर इंडिया 99,540 इकाइयों के निर्यात के साथ दूसरे स्थान पर रही। जुलाई-सितंबर अवधि में दोपहिया वाहनों का निर्यात 25 प्रतिशत बढ़कर 12,95,468 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 10,35,997 इकाई था। स्कूटर निर्यात सितंबर तिमाही में 12 प्रतिशत बढ़कर 1,77,957 इकाई हो गया, जबकि मोटरसाइकिलों का निर्यात 27 प्रतिशत बढ़कर 11,08,109 इकाई हो गया। मोपेड का निर्यात दूसरी तिमाही में बढ़कर 9,402 इकाई हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 2,028 इकाई था। इस वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में कुल वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 24,011 इकाई हो गया। इसी तरह सितंबर तिमाही में तिपहिया वाहनों का निर्यात 51 प्रतिशत बढ़कर 1,23,480 इकाई हो गया। दूसरी तिमाही में कुल वाहन निर्यात 26 प्रतिशत बढ़कर 16,85,761 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 13,35,343 इकाई था। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा कि दूसरी तिमाही में सभी क्षेत्रों में मजबूत निर्यात वृद्धि भारत में निर्मित वाहनों की बढ़ती ब्रांड स्वीकृति का संकेत देती है।

# बीएफएसआई, खुदरा और विनिर्माण क्षेत्र भारत में सेल्सफोर्स की वृद्धि को गति देंगे: अरुंधति भट्टाचार्य

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिकी आईटी कंपनी सेल्सफोर्स की एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि अगले तीन वर्षों में भारत में बीएफएसआई, खुदरा और विनिर्माण क्षेत्र कंपनी की वृद्धि को गति देंगे। सेल्सफोर्स दक्षिण एशिया की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुंधति भट्टाचार्य ने बताया, ''तीन साल का एजेंडा कमोबेश एक जैसा ही है। हम अब भी बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) क्षेत्र और खुदरा क्षेत्र से काफी वृद्धि देख रहे हैं। हमें विनिर्माण, यात्रा, पर्यटन, होटल और स्वास्थ्य सेवा में काफी वृद्धि की उम्मीद है। इनमें से कई क्षेत्र काफी स्थिर और अच्छी वृद्धि दिखा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''रियल एस्टेट और शिक्षा जैसे छोटे क्षेत्र भी अच्छी वृद्धि दिखा रहे हैं। इसलिए भारत में मैं कहूंगी कि जिन क्षेत्रों में हम काम कर रहे हैं, वहां वृद्धि काफी स्थिर बनी हुई है और हम वहां लगातार गति देख रहे हैं।'' वैश्विक ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) प्रौद्योगिकी समाधान क्षेत्र की दिग्गज कंपनी सेल्सफोर्स को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में वैश्विक स्तर पर उसका राजस्व 41 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगा। सेल्सफोर्स ने 2005 में हैदराबाद में अपने पहले उत्कृष्टता केंद्र के साथ भारत में परिचालन शुरू किया था। अब कंपनी भारत में छह स्थानों पर फैली हुई है, जिसका वार्षिक राजस्व एक अरब अमेरिकी डॉलर है। भारत में इसके कर्मचारियों की संख्या 13,000 से ज्यादा है। अमेरिका के बाद भारत कंपनी के लिए दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भट्टाचार्य भारतीय स्टेट बैंक की चेयरपर्सन रह चुकी हैं और उन्होंने 2020 में सेल्सफोर्स भारत की चेयरपर्सन और सीईओ के रूप में एक नए करियर की शुरुआत की। उनके नेतृत्व में सेल्सफोर्स भारत के संचालन में राजस्व और कर्मचारियों की संख्या, दोनों मामले में कई गुना वृद्धि हुई है। भारतीय बैंकों के एआई को अपनाने के बारे में भट्टाचार्य ने कहा कि हर कंपनी पहले डिजिटलीकरण की बात करती थी, लेकिन अब कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने की बात कर रही है।

# लगातार तीसरे सप्ताह तेजी के साथ शिखर पर शेयर बाजार, तिमाही परिणामों पर निवेशकों की नजर

एजेंसी

शेयर समीक्षा

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह पहले दो दिन की गिरावट के बावजूद प्रमुख सूचकांकों में करीब 1.7 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी देखी गयी और सप्ताहांत पर वे नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। आने वाले सप्ताह में कंपनियों के तिमाही परिणामों के साथ निवेशकों की नजर विदेशी कारकों, खासकर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर हुई प्रगति पर भी रहेगी। व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वहां पहुंच चुका है। गत सप्ताह पहले दो दिन बाजार में गिरावट रही, जबकि आखिरी के तीन दिन तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के दौरान 1,451.37 अंक (1.76 प्रतिशत) की बढ़त में 83,952.17 अंक पर बंद हुआ। यह इसका दूसरा सबसे ऊंचा बंद भाव है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 424.50 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को रिकॉर्ड उच्चतम स्तर 25,709 अंक पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान से कि भारत ने रूस से तेल खरीद बंद करने का आश्वासन दिया है, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद बढ़ी है। इसके अलावा, कंपनियों के मजबूत तिमाही परिणामों से भी निवेश धारणा मजबूत हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने कम विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.32 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.06 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही।



सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयरों में साप्ताहिक तेजी और शेष आठ में गिरावट देखी गयी। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 7.15 प्रतिशत चढ़ा। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 5.61 फीसदी, अडानी पोर्ट्स में 4.97, बजाज फाइनेंस में 4.54, टाइटन में 4.08 और आईसीआईसीआई बैंक में 4.06 फीसदी की बढ़त रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 3.92 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 3.73 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.99, कोटक महिंद्रा बैंक का 2.60, ट्रेंट का 2.58, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.58, आईटीसी का 2.31 और एचडीएफसी बैंक का 2.20 प्रतिशत मजबूत हुआ। एक्सिस बैंक में 1.70 फीसदी और एलएंडटी में 1.47 फीसदी की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण 2.16 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,16,544.29 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल को सबसे अधिक लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,451.37 अंक या 1.75 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ में रहीं। वहीं जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 47,363.65 करोड़ रुपये बढ़कर 19,17,483.71 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल ने 41,254.73 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका मूल्यांकन 11,47,235.08 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 40,123.88 करोड़ रुपये बढ़कर 10,26,491.35 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक की 33,185.59 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 15,40,210.78 करोड़ रुपये रही। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 28,903.45 करोड़ रुपये बढ़कर 6,65,899.19 करोड़ रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 17,774.65 करोड़ रुपये बढ़कर 6,12,009.78 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का पूंजीकरण 7,938.34 करोड़ रुपये बढ़कर 8,20,924.98 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलअ इन्फोसिस का मूल्यांकन 30,306.35 करोड़ रुपये घटकर 5,98,773.87 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 23,807.01 करोड़ रुपये घटकर 10,71,894.61 करोड़ रुपये और एलआईसी का मूल्यांकन 7,684.87 करोड़ रुपये घटकर 5,60,173.42 करोड़ रुपये रह गया।

# अयोध्या में हर कण में मर्यादा और हर दीप में दया : सीएम

- दीपोत्सव पर पूरे प्रदेश में 1 करोड़ 51 लाख दीप जल रहे, अयोध्या धाम में 26 लाख से अधिक
- सीएम योगी ने अयोध्या धाम के रामकथा पार्क में राम राज्याभिषेक के बाद संतों को किया सम्मानित
- अयोध्या में रामभक्तों पर सपा ने चलवाई थीं गोलियां

एजेंसी



अयोध्या। अयोध्या सप्तपुरियों में प्रथम है, जहां धर्म स्वयं मानव रूप में अवतरित हुआ हो। यहां हर कण में मर्यादा है और हर दीप में दया, हर हृदय में भगवान श्रीराम का वास है। हजारों वर्ष पहले जब दुनिया अंधकार में जी रही थी, तब अयोध्या ने अपने भगवान, आराध्य और अपनी आस्था के आगमन के अभिनंदन में दीप प्रज्वलित किए थे। वही दीपोत्सव, दीपावली के रूप में सनातन धर्म का एक महापर्व बन गया था। इस महापर्व को जीवंत बनाए रखने के लिए पहली बार वर्ष 2017 में दीपोत्सव में 1,71,000 दीप जलाए गए थे। वहीं आज नौवें दीपोत्सव पर केवल अयोध्या धाम में 26 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित हो रहे हैं। अगर पूरे प्रदेश भर में गणना की जाए तो 1 करोड़ 51 लाख दीप अकेले दीपोत्सव में जल रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या धाम स्थित राम कथा पार्क में राम राज्याभिषेक के दौरान कही।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज, श्रीजगद्गुरु रामानुजाचार्य डॉ. राघवाचार्य जी महाराज , श्री जगद्गुरु वासुदेवाचार्य जी विद्या भाष्कर जी महाराज, श्रीजगद्गुरु रामानुजाचार्य श्री धराचार्य जी महाराज, महंत विशेष प्रबन्ना जी महाराज, महंत सुरेश दास जी महाराज, जगदगुरू श्री राम दिनेश आचार्य जी महाराज, श्री महंत अवधेश दास जी महाराज, श्री महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य जी महाराज, श्री महंत राजकुमार दास जी महाराज, श्री महंत धर्मदास जी महाराज, डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज, पूर्व सांसद श्री महंत अनंताचार्य जी महाराज, श्री महंत रामानन्द दास जी महाराज, श्री महंत डॉ. भरतदास जी महाराज समेत विभिन्न संतों को माला, अंगवस्त्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज लाखों-लाख दीप अयोध्या धाम में प्रज्वलित होते हैं, जो हर भारतवासी के संकल्प के प्रतीक बनते हैं। यह केवल दीप नहीं हैं, यह दीप 500 वर्षों के अंधकार पर आस्था की विजय के प्रतीक भी हैं। इन 500 वर्षों में किस प्रकार के अपमान झेलने पड़े और किस प्रकार के संघर्षों से हमारे पूर्वज जूझे, यह दीप उसी के प्रतीक स्वरूप हैं। तब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम तंबू में विराजमान थे और अब जब दीपोत्सव का नवम संस्करण हो रहा है, तब भगवान श्रीराम अपने भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हैं। हर दीप हमें यह याद दिलाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं हो सकता। सत्य की नियति होती है विजयी होने की और विजयी होने की इसी नियति के साथ सनातन धर्म 500 वर्षों तक लगातार संघर्ष करता रहा। उस संघर्ष की परिधि अयोध्या में है और उन्हीं संकल्पनाओं की परिणिति स्वरूप अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। सीएम ने कहा कि जब हम यहां लाखों दीपों से अयोध्या धाम को जगमगा रहे हैं, तब हमें यह विस्मृत नहीं करना चाहिए कि इसी अयोध्या में राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान कांग्रेस ने न्यायालय में भगवान श्रीराम को एक मिथक बताया था। कांग्रेस ने शपथ पत्र में दिया था कि भगवान श्रीराम काल्पनिक हैं। सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर अयोध्या में गोलियां चलाई थीं। यह वही लोग हैं, जो मुगलों की कब्र पर जाकर सजदा करते हैं, लेकिन जब अयोध्या में रामलला विराजमान होने के कार्यक्रम में उन्हें निमंत्रण दिया जाता है, तो यह लोग राम मंदिर के निमंत्रण कार्यक्रम को ठुकरा देते हैं। हमें उनके इस दोहरे चरित्र का स्मरण रखना होगा कि कैसे भारत की सनातन आस्था को ये अपमानित करते रहे हैं और किस प्रकार के शब्दों का प्रयोग करते रहे हैं।

### आज अयोध्या आस्था के साथ-साथ टूरिज्म डेस्टिनेशन का बेहतरीन केंद्र बना

सीएम ने कहा कि अयोध्या में वह सब कुछ होगा, जिसे हमने अलग-अलग थीम के साथ यहां विकसित करने का निर्णय लिया है। अयोध्या सक्षम भी है, स्वच्छ और आयुष्मान भी है। सांस्कृतिक और आधुनिक भी है और भावनात्मक भी है। आज पूरे भारत और दुनिया की आस्था यहां पर देखने को मिल रहा है। आज दुनिया यहां दर्शन करने के लिए आ रही है। आज अयोध्या में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी, कोहिमा से लेकर कच्छ तक, भारत के हर राज्य का श्रद्धालु बड़ी आस्था के साथ यहां आता है। आज अयोध्या को पहचान के संकट से नहीं गुजरना पड़ रहा है। आज तो अयोध्या आस्था के साथ-साथ टूरिज्म डेस्टिनेशन का दुनिया का बेहतरीन केंद्र बन गया है।

### यह वही अयोध्या है, जिसे प्रधानमंत्री के संकल्पों के अनुरूप विकसित किया गया

सीएम ने कहा कि अयोध्या में पहले कुछ चंद हजार श्रद्धालु आते थे, तो अव्यवस्था और गंदगी का एक अंबार दिखाई देता था। अब हर वर्ष 6 करोड़ से लेकर 10 करोड़ श्रद्धालु अकेले अयोध्या धाम में आ रहे हैं। यह अयोध्या अब वही है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों के अनुरूप हमने विकसित किया है। हमने तय किया कि यह अयोध्या अब दुनिया की वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी के रूप में अपने आप को स्थापित करेगी और भारत की आस्था की राजधानी के रूप में भी स्थापित होगी।

सीएम योगी ने कहा कि राम राज्य की अवधारणा है ''नहीं दरिद्र कोऊ दुखी न दीना, नहीं कोई अबोध न लक्षण हीना।'' डबल इंजन की सरकार ने इसी अवधारणा को अपनाते हुए हर जरूरतमंदों की जरूरतों को पूरा कर रही है। आज हर गरीब के घर में शौचालय, सिर ढकने के लिए छत, घर में रसोई चलाने के लिए उज्ज्वला योजना का कनेक्शन, गरीब को 5,00,000 रुपये का निशुल्क स्वास्थ्य बीमा देने के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। इसके साथ ही कोरोना कालखंड में 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। आज बेरोजगार नौजवानों को रोजगार, अन्नदाता किसानों को उनके खेत में सिंचाई की सुविधा, तकनीकी जानकारी, अच्छी क्वालिटी के बीज और उनकी फसल को बाजार तक पहुंचाने की गारंटी उपलब्ध करायी जा रही है।

## विदेशी मेहमानों का उत्साह चरम पर, लगाए जय श्रीराम के नारे

अयोध्या। दीपों की रोशनी से नहाई अयोध्या की भव्यता ने न केवल देशवासियों का हृदय मोह लिया, बल्कि विदेशों से आए मेहमान भी इस दृश्य को देख अभिभूत हो गए। दीपोत्सव 2025 में बड़ी संख्या में विदेशी अतिथि अपने परिवारों और मित्रों के साथ पहुंचे।

राम की पैड़ी और सरयू घाट पर दीपों की झिलमिलाहट, पुष्पवर्षा और 'जय श्रीराम' के नारों के बीच विदेशी मेहमान भी खुद को रोक नहीं सके और उन्होंने भी मुक्त कंठ से जय श्रीराम के उद्घोष किए। रुस, पोलैंड, यूक्रेन, श्रीलंका सहित कई देशों से पहुंचे श्रद्धालु दीपोत्सव देख अभिभूत हो गए। अयोध्या में उमड़े श्रद्धालुओं के जनसैलाब को देखकर विदेशी मेहमानों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वे दीपों की रेखाओं के बीच अपने साथियों के साथ फोटो लेते और सेल्फी खींचते नजर आए। राम की पैड़ी, धर्मपथ और सरयू घाट के दिव्य नजारे ने उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया। कई विदेशी पर्यटक अपने कैमरों में दीपोत्सव की हर झलक कैद करते रहे। दीपोत्सव से उत्साहित होकर उन्होंने जय श्रीराम का उद्घोष किया पोलैंड से आई सिवोना ने कहा कि वे अपने दोस्तों के साथ पहली बार अयोध्या आई हैं। यहां के लोग हमेशा मुस्कुराते रहते हैं। बहुत खुशमिजाज और फ्रेंडली हैं। अयोध्या भले ही दिल्ली जैसा बड़ा शहर नहीं है, लेकिन यहां आकर हमें बहुत शांति और प्रसन्नता मिली। यूक्रेन से आई नतालिया ने कहा कि यहां के लोग बेहद मिलनसार हैं। अयोध्या को देखकर मुझे बहुत अद्भुत अनुभव हुआ। यह स्थान शांति और सकारात्मकता से भरा है। नतालिया ने बताया कि उन्होंने पहले कभी इतना बड़ा सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन नहीं देखा। दीपों का यह समुद्र उन्हें किसी स्वर्गिक दृश्य जैसा लगा। पोलैंड से आई एक अन्य अतिथि ने कहा, मैं यहां पहली बार आई हूं। अयोध्या आकर मुझे बहुत अच्छा लगा। मैं यहां की भक्ति और लोगों के प्यार से बहुत इम्प्रेस हूं। उन्होंने जय श्रीराम का उदघोष भी किया। उनकी आवाज में भक्ति और उत्साह का ऐसा सम्मिश्रण था कि आस-पास मौजूद भारतीय श्रद्धालु भी भावविह्वल हो उठे।

## पेज एक का शेष

### 26 लाख

उत्तरकांड) का वर्णन करते हुए कलाकारों ने अलौकिक प्रस्तुति दी। लेजर शो के मध्य यहां सभी कांड के प्रसंगों का जिक्र करते हुए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से हर दर्शकों का दिल जीत लिया। रामराज है फिर से लाना... आदि धुन पर कलाकारों की प्रस्तुति को हर कोई अपने मोबाइल में कैद करता रहा। यह प्रसंग देख अभिभूत हुई अवधपुरी से अनवरत 'श्रीराम, जय राम, जय जय श्रीराम' की गूंज गूंजती रही। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से राम की पैड़ी पर 1100 स्वदेशी ड्रोन ने आकाश में रामायण के विविध प्रसंगों की झलकियां पेश कीं। संगीत व रोशनी से सजे लेजर शो में प्रभु श्रीराम के जीवन व आदर्शों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से चित्रित किया गया। इसमें जयश्रीराम, धनुर्धारी श्रीराम, श्रीराम संग मां सीता, भैया लक्ष्मण, संकट मोचन हनुमान, पुष्पक विमान, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जैसी अनेक मनमोहक आकृतियां शामिल रहीं। हर हृदय से राम की गूंज आकाश तक गूंज उठी। यह प्रस्तुति देख हर किसी ने योगी सरकार के नेतृत्व में उप्र पर्यटन विभाग के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। राम की पैड़ी पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्री रघुपति रघुनंदन राम, माता सीता के श्रीराम, जय श्रीराम, अयोध्या नायक प्रभु श्रीराम, दशरथ नंदन रघुवर राम, राम में है सीता और सीता में है राम आदि गीतों के बोल जब गुंजायमान हो रहे थे तो समूची अयोध्या राम नाम पर झूम रही थी। मानों एक बार पुनः त्रेता का दीदार इस कलियुग में करने को मिल गया।

# देश में 8.82 लाख आदेश अधर में, सुप्रीम कोर्ट ने जताई गहरी नाराजगी

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की सर्वोच्च अदालत ने देशभर में लंबित पड़े 8.82 लाख से ज्यादा 'निष्पादन याचिकाओं' (अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाएं) पर सख्त नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ये स्थिति बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है।

जब किसी नागरिक विवाद में अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इनकार कर देता है, तब विजेता पक्ष अदालत में निष्पादन याचिका दायर करता है ताकि आदेश लागू हो सके। यानी यह प्रक्रिया अदालत के आदेश को जमीन पर उतारने की होती है।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा, 'अदालत का आदेश अगर वर्षों तक लागू ही न हो सके, तो फिर ऐसे आदेश का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह न्याय का मजाक बन जाएगा।' अदालत ने बताया कि कुल 8,82,578 निष्पादन याचिका लंबित हैं। मार्च 2024 से अब तक लगभग 3.38 लाख मामलों का निपटारा हुआ, लेकिन बाकी अब भी अटके हुए हैं। कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों से कहा कि वे जिला अदालतों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें ताकि पुराने मामलों को जल्द निपटाया जा सके।

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को जरूरी आंकड़े नहीं भेजे। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि रजिस्ट्रार जनरल दो हफ्तों में जवाब दें कि जानकारी क्यों नहीं दी गई। 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी हाईकोर्ट सर्कुलर जारी करें। निष्पादन याचिका छह महीने में निपटाई जाएं। अगर कोई देरी होती है तो संबंधित जज जिम्मेदार माने जाएंगे। कोर्ट ने मामला 10 अप्रैल 2026 को दोबारा सुनने का समय तय किया है। तब तक सभी हाईकोर्ट को लंबित और निपटाए गए मामलों के पूरे आंकड़े देने होंगे।

तमिलनाडु के अय्यावू उदयार ने 1980 में जमीन खरीदने का समझौता किया था। 1986 में केस दाखिल हुआ। 2004 में आदेश के बाद भी जमीन का कब्जा नहीं मिला। 2008 में कब्जे का आदेश हुआ, पर अमल फिर भी नहीं हुआ। आखिरकार मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। अदालत ने कहा कि निचली अदालत और हाईकोर्ट ने इस मामले में गंभीर गलती की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर है। आदेशों को वर्षों तक लागू न कर पाना व्यवस्था पर ही सवाल उठाता है। अदालत चाहती है कि हाईकोर्ट और जिला अदालतें इस ढर्रे को तुरंत बदलें।

## गृहमंत्री ने जारी किए कर्नाटक और महाराष्ट्र को 1,950.80 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक और महाराष्ट्र को राज्य आपदा राहत कोष के केंद्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में 1,950.80 करोड़ रुपये जारी करने की मंजूरी दी है। इसमें कर्नाटक के लिए 384.40 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र के लिए 1,566.40 करोड़ रुपये शामिल हैं। यह राशि दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत देने के लिए है।

गृहमंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक केंद्र सरकार ने राज्य आपदा राहत कोष के तहत 27 राज्यों को 13,603.20 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा राहत कोष के तहत 15 राज्यों को 2,189.28 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसके अलावा राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष से 21 राज्यों को 4,571.30 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष से 9 राज्यों को 372.09 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

# अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन में लाखों लोग सड़कों पर उतरे

एजेंसी

न्यूयॉर्क/सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका में शनिवार को 2,700 शहरों और कस्बों में लाखों लोग राष्ट्रव्यापी 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शनों में सड़कों पर उतर आये। यह अमेरिकी इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन था।

उल्लेखनीय है कि 'नो किंग्स' आंदोलन का यह दूसरा प्रदर्शन था। इससे पहले इसी साल 14 जून को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जन्म दिन पर पहले प्रदर्शन का आयोजन हुआ था, जिसमें पचासों राज्यों से हजारों लोगों ने भाग लिया था। प्रदर्शनकारी श्री ट्रंप के तानाशाही रवैये के खिलाफ सड़कों पर उतर आए। उनका कहना है कि श्री ट्रंप एक लोकतंत्र में राजा की तरह व्यवहार कर रहे हैं, जो असंवैधानिक है।

न्यूयॉर्क शहर में 1,00,000 से ज़्यादा प्रदर्शनकारी टाइम्स स्क्वायर पर जमा हुए थे, जिनके हाथों में 'नफ़रत अमेरिका को महान नहीं बनाएगी', अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) को न्यूयॉर्क शहर से बाहर करो', 'हमारे संविधान की रक्षा करो', 'लोकतंत्र, राजतंत्र नहीं' और 'संविधान वैकल्पिक नहीं है' जैसे पोस्टर थे। एक प्रदर्शनकारी टोनी चार्ली ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवास एक परंपरा है और प्रवासी देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। '' आईसीई अपराधियों के पीछे नहीं पड़ रही, बल्कि उन निर्दोष लोगों के पीछे पड़ रही है जो मेहनती हैं और इस देश में योगदान दे रहे हैं। सैन फ्रांसिस्को में प्रशासन की आव्रजन कार्रवाई और हाल ही में कई अमेरिकी शहरों में नेशनल गार्ड की टुकड़ियों की तैनाती के विरोध में लगभग 50,000 लोग सड़कों पर उतर आये थे। वहीं वाशिंगटन राज्य के सिएटल में 'सिएटल इंडिविजिबल' जैसे वकालत समूहों और विभिन्न श्रमिक संघों ने अमेरिकी शहरों से संघीय बलों की तैनाती को समाप्त करने और इस साल समाप्त होने वाली स्वास्थ्य सेवा सब्सिडी के नवीनीकरण करने का आह्वान किया।

नो किंग्स कोएलिशन ने कहा कि शनिवार को देश भर में 2,500 से ज़्यादा प्रदर्शनों की योजना बनाई गई, जिसमें लाखों अमेरिकी शांतिपूर्वक यह कहने के लिए एकजुट हुए कि अमेरिका अपने लोगों का है, राजाओं का नहीं। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने एक्स पर सूचना दी कि प्रदर्शन से संबंधित कोई गिरफ्तारी नहीं की गयी है। अमेरिकी सीनेट के नेता चक शूमर मैनहट्टन में प्रदर्शन में शामिल हुए, जबकि सीनेट के अध्यक्ष माइक जॉनसन और अन्य रिपब्लिकन नेताओं ने इस विरोध प्रदर्शन को 'अमेरिका से नफ़रत करने वाली रैली' बताकर इसे खारिज कर दिया।

## जब तक मतदाता सूची को लेकर संदेह दूर नहीं हो जाते तब तक चुनाव नहीं होना चाहिएः राज ठाकरे

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने रविवार को राज्य चुनाव आयोग को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में तब तक चुनाव नहीं होने चाहिए जब तक मतदाता सूची को लेकर सभी संदेह दूर नहीं हो जाते।

श्री ठाकरे ने मनसे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते राज्य चुनाव आयोग को चेतावनी दिया कि जब तक चुनाव प्रक्रिया में किसी भी तरह की संभावित अनियमितता का समाधान नहीं हो जाता तब तक चुनाव नहीं कराया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी दलों के कार्यकार्ताओं से मतदाता सूचियों की सावधानीपूर्वक जाँच करने का भी आग्रह किया।

मनसे प्रमुख ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य दोनों जगहों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार होने के कारण पार्टी अब नगर निगमों पर भी नियंत्रण चाहती है और जीत हासिल करने के लिए फर्जी नाम जोड़कर मतदाता सूचियों में हेराफ़ेरी कर रही है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, ''हर मतदाता सूची की बारीकी से जाँच करें। पहचानें कि ये हेराफ़ेरी कहाँ हुई है। यह सिर्फ़ आपकी अपनी पार्टी के लिए नहीं, बल्कि उन सभी के लिए है जो निष्पक्ष चुनाव को महत्व देते हैं।''

श्री ठाकरे ने सरकार पर अडानी और अंबानी जैसे उद्योगपतियों का पक्ष लेने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार सभी बड़े शहरों को इन व्यापारियों को सौंपना चाहती है और दुर्भाग्य से कई मराठी लोग उनके लिए बिचौलियों का काम कर रहे हैं। मनसे नेता ने आरोप लगाया कि मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानों का संचालन जानबूझकर कम किया जा रहा है ताकि यातायात को अडानी के स्वामित्व वाले नवी मुंबई हवाई अड्डे पर स्थानांतरित किया जा सके।

श्री ठाकरे ने भाजपा समर्थक मराठी मतदाताओं को आगाह करते हुए कहा कि जब 'गुजराती रोलर महाराष्ट्र पर चलेगा' तो मराठी भाजपा समर्थकों को भी इसके परिणाम भुगतने होंगे।

# छत्तीसगढ़ में आ रहे दूसरे राज्यों से नक्सली, सीमाई इलाके बने अब इनके नए ठिकाने

एजेंसी

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में नक्सली संगठन के कमजोर पड़ने के कारण अब दूसरे राज्यों से नक्सलियों को यहां भेजा जा रहा है। आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और केरल के संगठन से जुड़े लोग छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। नक्सलियों के बड़े नेता सुरक्षा बलों के लगातार ऑपरेशन की वजह से हथियार छिपाकर यहां के बड़े शहरों में रहने लगे हैं। इस बाबत बस्तर संभाग के आईजी ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसी सतर्क हैं, वे

पुलिस सूत्रों का कहना है छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के सीमाई इलाकों में ये नक्सली झुग्गी-बस्तियों और लेबर क्वार्टर में रहकर सरकार की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। हालांकि कई बड़े नेता राज्य से बाहर चले गए हैं लेकिन बाकी बचे हुए छोटे कैडर सदस्य भी शहरों की ओर रुख कर रहे हैं। वे छिपकर संगठन को फिर से मजबूत करने की कोशिश में हैं। छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के सीमाई इलाके अब इन नक्सलियों के नए ठिकाने बन गए हैं। उन्होंने इन इलाकों को अपने छिपने की सुरक्षित जगहें बना लिया है।

एक तरफ जहां छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में बीते तीन दिनों के भीतर पोलित ब्यूरो सदस्य एवं सीआरबी सचिव भूपति और केंद्रीय समिति सदस्य तथा दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) प्रवक्ता रूपेश उर्फ विकल्प सहित 271 माओवादियों के सामूहिक आत्मसमर्पण से नक्सली संगठन की कमर टूट चुकी है वहीं दूसरी ओर बस्तर संभाग में माओवादी हिंसा का अंतिम अध्याय प्रारंभ हो गया है। बस्तर, कोंडागांव और दंतेवाड़ा जिले पहले ही माओवादी प्रभाव से मुक्त घोषित हो चुके हैं। भूपति और रूपेश के समर्पण से माड़ व उत्तर बस्तर डिविजन के साथ महाराष्ट्र में गढ़िचरौली डिविजन अब खत्म हो चुका है।

नक्सली संगठन की राजनीतिक और सैन्य दोनों इकाइयों की रीढ़ टूट चुकी है। नक्सलियों का प्रभाव अब केवल दक्षिण बस्तर के बीजापुर और सुकमा जिलों के सीमावर्ती इलाकों तक सिमट गया है। यानि बस्तर का आधे से अधिक भूभाग नारायणपुर, कांकेर और अबूझमाड़ के जंगलों से अब नक्सलवाद खत्म हो चुका है। बस्तर के माड़वी हिड़मा, एवं बारसे देवा की समाप्ति के साथ ही पूरा बस्तर नक्सल मुक्त हो जायेगा। अब नक्सली संगठन के इस समिति के अधीन सुकमा का दक्षिण बस्तर डिवीजन (कोंटा, केरलापाल, जगरगुंडा, पामेड़) और बीजापुर का पश्चिम बस्तर डिवीजन (गंगालूर, मद्देड़, नेशनल पार्क क्षेत्र) के लगभग 300 माओवादी ही बचे हैं।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने रव?िवार को कहा क? बस्तर के माड़वी हिड़मा एवं बारसे देवा के खात्मे के साथ ही पूरा बस्तर नक्सल मुक्त हो जायेगा। फिलहाल पोलित ब्यूरो सदस्य और सेंट्रल मिलिट्री कमीशन प्रमुख देवजी, पूर्व महासचिव गणपति, केंद्रीय समिति सदस्य एवं बटालियन प्रभारी हिड़मा, तेलंगाना स्टेट कमेटी सचिव चंद्रन्ना और डीकेएसजेडसी सदस्य बारसे देवा को संगठन के शीर्ष नेतृत्व के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहाकि बस्तर से नक्सलवाद के सफाए की दिशा में तेजी से कदम बढ़ रहे हैं।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार फिलहाल पूर्वी और उत्तरी बस्तर में कोई बड़ा नक्सली लीडर सक्रिय नहीं दिख रहा है। अन्य इलाके में देव जी, हिड़मा समेत कुछ गिने-चुने नक्सली ही बचे हैं, जो पुलिस के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। लेकिन वे भी राज्य से बाहर चले गए हैं। इन अभियानों में 477 माओवादी मारे गए, 2321 ने आत्मसमर्पण किया, और 1785 गिरफ्तार हुए। संगठन के प्रमुख चेहरे बसवा राजू, गुडसा उसेंडी, कोसा, सुधाकर और चलपति ढेर हो चुके हैं। वहीं बीते 22 महीनों में 64 नए कैंप माओवादियों के कोर क्षेत्र में स्थापित किए गए जिसके परिणाम स्वरूप बस्तर अब नक्सलवाद के विरूद्ध निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। बस्तर आईजी का कहना है कि माड़, उत्तर बस्तर और गढ़िचरौली डिवीजन के समर्पण के बाद माओवादी संगठन की ताकत आधे से भी कम रह गई है। आने वाले कुछ महीने चुनौतीपूर्ण होंगे, विकास कार्यों को गति देते हुए सुरक्षा बल सर्चिंग अभियान जारी रखेंगे। पुलिस आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों से जानकारी लेकर गांव-गांव जाकर यह जांच करेगी कि कहीं नक्सली संगठन में नई लीडरशिप तो नहीं उभर रही है। उन्होंने कहा कि दक्षिण और पश्चिम बस्तर में नए कैंप खोले जा रहे हैं, ताकि मार्च 2026 तक माओवादियों का समूल सफाया किया जा सके । बस्तर आईजी ने माओवादियों को मुख्यधारा में लौटने की अपील की है।

